RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 207 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 6 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर
दिव्यांगों की सेवा में समर्पित होकर उनकी मांगों के समर्थन में ...



वन मंडल धरमजयगढ़ में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस
पेज -8 पर

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ की ऐश्वर्या फिल्म सम्राट पृथ्वीराज में आ रहीं हैं नजर



रायपुर की ऐश्वर्या राज भाकुनी अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज में मानुषी छिल्लर की बहन का किरदार अदा किया है.इसके साथ ही अपना फ़िल्म तक पहुचने का सफर भी साझा किया है... रायपुर के अवंती विहार की रहने वाली ऐश्वर्या राज भाकुनी ने बीटेक की पढ़ाई पूरी की। कॉलेज के दिनों से ही इन्हें मॉडलिंग और एक्टिंग के कई ऑफर आए। मगर दूसरी तरफ घरवाले चाहते थे कि बेटी आईएएस अफसर बने। ऐश्वर्या ने बताया कि ऐसे सितारों के साथ काम करना जिन्हें बचपन से आप बड़ी स्क्रीन पर देखते हैं यह मेरे लिए बेहद प्राउड मोमेंट था। जब मैं यशराज प्रोडक्शन के दफ्तर गई ,तो यह सपने के पूरे होने जैसा था। सेट पर शूट के दौरान भी काफी कुछ सीखने को मिला। मुझसे फिल्म के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश ने कहा कि एक्टिंग की सबसे बड़ी बात यह है कि हमें स्क्रीन पर एक्टिंग नहीं करनी है....रायपुर के अवती बिहार में रहने वाले रमेश सिंह भाकुनी ,माता जी बबिता भाकुनी की बेटी है।

# हमारी सरकार जल, जंगल और जमीन को सहेज रही : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** वनांचल में फलदार वृक्ष लगा रहे हैं आदिवासी सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने सामाजिक भवनों के लिए राशि मंजूर करने के साथ ही कई घोषणाएं की विशेष पिछड़ी जनजाति के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर के पीजी कॉलेज ग्राऊण्ड में आयोजित आदिवासी समाज के सम्मेलन में कहा कि हमारी सरकार जल, जंगल और जमीन को सहेजने का काम कर रही है। वनभूमि पर वर्षों से काबिज लोगों को उस भूमि के उपभोग का अधिकार पट्टा प्रदान करने के साथ ही वनांचल में फलदार पौधे लगाए जाने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है, ताकि लोगों की आर्थिक स्थित बेहतर हो और उनके जीवन में बदलाव आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना उन्हें आगे बढ़ने का अवसर सुलभ कराना हमारी





सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े तीन सालों में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं और फैसलों से लोगों के जीवन में बदलाव आया है। बस्तर अंचल में शांति और विकास के साथ-साथ लोगों में संपन्नता आई है। दंतेवाड़ा, बीजापुर इलाके के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में मोटरसायकिल, ट्रेक्टर सहित अन्य कृषि यंत्रों की खरीदी इस

**आदिवासी सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने सामाजिक भवनों के लिए राशि मंजूर करने के साथ ही कई घोषणाएं की**

बात का प्रमाण है कि लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर



बनाने के साथ-साथ आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण भी तेजी से कराया जा रहा है। विकास के कार्यों के साथ-साथ हम संस्कृति और परंपरा को भी संरक्षित और संवर्धित कर रहे हैं।

# अधिकारियों से धक्का-मुक्की, फिर गाली-गलोज

### अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई के लिए गए थे, तभी आए 2 लोगों ने की बदसलूकी; केस दर्ज

**रायपुर/आरंग। राजधानी रायपुर के आरंग नगर पालिका क्षेत्र में अधिकारियों के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि ये सभी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई के लिए गए थे।**



इसी दौरान 2 लोगों ने मिलकर इनके साथ गाली-गलौज की है और धक्कामुक्की भी की है। इस मामले में अब दोनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

आरंग नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में कई लोगों को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बावजूद लोग अवैध प्लाटिंग करने से नहीं मान रहे और सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के चलते नगर पालिका के अधिकारी पिछले दिनों कार्रवाई करने गए थे। इसी दौरान ये घटना हुई है।

पता चला है कि टीम में सीएमओ सौरभ शुक्ला, सब इंजीनियर इंदीवर दुबे और पोषण साहू शामिल थे। ये सभी, प्लाटिंग से अवैध निर्माण हटवाने के लिए गए थे। उसी वक्त मौके पर प्लाटिंग करने वाले चूणामड़ी चंद्राकर और खोमा मिर्धा मौके पर पहुंचे और इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। इन्होंने अधिकारियों से बहस करना शुरू कर दिया। इसके बाद इनके साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलोज की गई। इस घटनाक्रम के बाद अधिकारी मौके से निकल गए थे। बाद में इन दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका ये कार्रवाई जारी रखेगी। इसके पहले 45 लोगों को नोटिस भी दिया गया था। इसके बावजूद लोग लोग नहीं मान रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने 109 करोड़ रुपए के 88 विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** कांकेर स्थित विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग 31 करोड़ 45 लाख रुपए के 47 विकास कार्यों का भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत कांकेर जिले के प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्रवासियों को 109 करोड़ रुपए के 88 विकास कार्यों की सौगात दी। कांकेर स्थित विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग 31 करोड़ 45 लाख रुपए के 47 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 77 करोड़ 69 लाख रुपए के 41 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोक



स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 5 करोड़ 80 लाख रुपए के 12 कार्य, जल संसाधन विभाग के 11 करोड़ 65 लाख रुपए के 4 कार्य, जिला निर्माण समिति के 1 करोड़ 62 लाख रुपए का एक कार्य, शिक्षा विभाग के लगभग 1 करोड़ 75 लाख रुपए के 8 कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के 45 लाख रुपए का 1 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 8 करोड़ 71 लाख रुपए के 3 कार्य, जिला खनिज न्यास संस्थान, लोक शिक्षण संचालनालय के 1 करोड़ 46 लाख रुपए के 18 कार्यों का भूमिपूजन किया।


इसके साथ ही जल संसाधन विभाग के 4 करोड़ 53 लाख रुपए के 2 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु के लगभग 11 करोड़ 22 लाख रुपए के 2 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 22 करोड़ 49 लाख रुपए के 18 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 39 करोड़ 5 लाख रुपए के 21 कार्य, ग्रामीण यांत्रिक सेवा के 14 लाख रुपए के एक कार्य और स्वास्थ्य विभाग के 25 लाख रुपए के एक कार्य का लोकार्पण किया।



# जब महिला ने कलेक्टर को कहा बेचारा तो मुख्यमंत्री ने जमकर लगाए ठहाके

**रायपुर।** कांकेर विधानसभी के बादल ग्राम में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने ऐसी बात कह दी कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ठहाके मार के हंसने लगे। किरणमयी रजक ने अपने निजी खेत में सागौन के पेड़ लगाए थे, जिसे उनके पड़ोसी ने बिना बताए काट लिया और लकड़ी को रख लिया। इस पर महिला ने कलेक्टर से शिकायत की। कलेक्टर के निर्देश पर वन विभाग ने काटी हुई लकड़ी को जब्त कर लिया।

महिला ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से कहा कि वो उसकी सागौन की लकड़ी दिला दें ताकि वो उससे आर्थिक लाभ ले सके। मुख्यमंत्री ने किरणमयी से कहा कि कलेक्टर को शिकायत की थी क्या ? किरणमयी रजक को लगा कि मुख्यमंत्री कलेक्टर को



**साहब मेरी सागौन की लकड़ी दिला दो, पड़ोसी चोरी कर लिया है, इसमें बेचारे कलेक्टर का कोई दोष नहीं है साहब**

डांटेगे, इस पर उसने मुख्यमंत्री से कहा कि "साहब इसमें बेचारे कलेक्टर का कोई दोष नहीं है।" ये सुनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ठहाके लगाकर हंसने लगे। मुख्यमंत्री के इस रूप को देखकर कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति हंसे बिना नहीं रह सका। बाद में मुख्यमंत्री ने महिला को नियम बताते हुए कहा कि जब्त लकड़ी को वन विभाग नीलाम करेगा और उसके पैसे तुम्हें मिल जाएंगे जिससे तुम्हारी समस्या का निदान हो जाएगा।

# बिलासपुर में पटरी से उतरे मालगाड़ी के तीन डिब्बे

### जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि हादसे से जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। मालगाड़ी के डिब्बे बिलासपुर के यार्ड में पटरी से उतरे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर की ओर से सीमेंट से भरी मालगाड़ी रायगढ़ की तरफ जा रही थी। जैसे ही मालगाड़ी आरआरआई केबिन के सामने मिडिल लाइन पहुंची तीन वैगन पटरी से नीचे उतर गए।

### नुकसान पर अभी जानकारी नहीं

घटना के बारे में बताया गया है कि जामुल साइडिंग से कोसिपुर रोड़ सियालदा जा रही लोडेड मालगाड़ी के 03 वैगन बिलासपुर RRI केबिन के पास आज शाम 6.35 बजे डिरेल हुए हैं। रेलवे के



अफसरों ने बताया कि फिलहाल रोटेशन का काम चल रहा है। इस हादसे में किसी तरह के मूवमेंट पर फर्क नहीं पड़ा।

वहीं रेलवे प्रबंधन अभी नुकसान के बारे में भी कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं है। घटना की सूचना मिलने के बाद मालगाड़ी के डिब्बों को पुनः पटरी पर लाने के लिए रेलवे के अफसरों की देखरेख में सुधार कार्य चल रहा है।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। वहीं डिरेल की दूसरी घटना शाम 4 बजे कोरबा बिलासपुर रूट पर बालपुर के पास हुई है। दोनों ही मामलों में दुर्घटना का कारण क्या है, यह जांच का विषय है।

# अरे! मेरा कॉलर पकड़ ली ये तो, सीधा सीधा मुख्यमंत्री का कॉलर पकड़ लिया

**रायपुर।** क्या कभी ऐसा हो सकता है कि तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच भी कोई मुख्यमंत्री का कॉलर पकड़ ले और मुख्यमंत्री कार्रवाई करने की बजाए बदले में जमकर ठहाके लगाएं क्या कभी ऐसा हो सकता है कि तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच भी कोई मुख्यमंत्री का कॉलर पकड़ ले और मुख्यमंत्री कार्रवाई करने की बजाए बदले में जमकर ठहाके लगाएं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दिलखुश मिजाज के लिए जाने जाने जाते हैं, हंसी मजाक का कोई भी पल मुख्यमंत्री अपने हाथों से जाने नहीं देते हैं. ऐसा ही कुछ हुआ कांकेर विधानसभा के बादल ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में जब उन्होने एक बच्ची को गोंद में उठाया. बच्ची जैसे ही मुख्यमंत्री की गोंद में पहुंची उसने मुख्यमंत्री का कालर पकड़ लिया. इसके बाद




बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इसने तो सीधा मुख्यमंत्री का ही कॉलर पकड़ लिया और जमकर ठहाके लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्ची को अपने हाथों के पंजे पर उठा लिया और कहा बच्ची को अपने हाथों से चाकलेट भी खिलाया. मुख्यमंत्री के इस खुशमिजाज रूप को देखकर हर किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट फैल गई. इसके बाद मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी के रसोई में भी पहुंचे और अपने हाथों से माता और शिशुओं को मिलने वाले गर्म भोजन का निरीक्षण किया।

**मुआवजा...** पांडारही के किसानों की समस्या पर मुख्यमंत्री ने मुआवजा दिलाने के दिये निर्देश

# दो दशक से लंबित किसानों की समस्या मिनटों में दूर की मुख्यमंत्री ने

**रायपुर। कांकेर जिले के पांडारही के किसानों की दो दशक की समस्या मिनटों में मुख्यमंत्री ने दूर कर दी। कांकेर विधानसभा के कोदागांव में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान पांडारही के किसान घसियाराम ने स्थानीय किसानों की समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।**

उन्होंने बताया कि 2004 में जलाशय के लिए किसानों की जमीन ली गई थी और इसका





मुआवजा तय हुआ था। जिस योजना में यह मुआवजा मिलना था वो योजना ही अब बंद हो गई। इसके कारण मुआवजा नहीं मिल पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन के बदले जमीन दे देते हैं। किसानों ने कहा कि मुआवजा मिले तो अच्छा होगा। इस पर मुख्यमंत्री ने मुआवजा प्रकरण बनाने और नियमानुसार जांच कर किसानों को लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात में एक दिव्यांग बच्चे का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने तथा 2 लाख रुपए की आर्थिक मदद के निर्देश भी दिये। उन्होंने गांव के किसान गिरवर साहू के यहां भोजन किया। यहां उन्हें विशेष तौर पर मधुरस से बनने वाला व्यंजन लोकटी परोसा गया। इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष श्री मनोज मंडावी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव श्री शिशुपाल सोरी, अंतागढ़ विधायक श्री अनूप नाग, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री राजेश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।





# घर के अंदर जिंदा जल गई बुजुर्ग महिला

### कमरे में सो रही थी, अचानक भड़की आग तो निकलने का मौका ही नहीं मिला

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक महिला की घर के अंदर जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के वक्त वह घर के अंदर कमरे में सो रही थी। इसी दौरान अचानक आग लग गई, तो उसे बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। फिर उसकी लाश मिली है। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, सुरुज बाई सिन्हा(75) शहर के बठेना वार्ड में एक खपड़े वाले घर में अकेले रहती थी। उसके पति की मौत हो चुकी है। जबकि बेटा पास में ही किसी मकान में रहता है। रोज की तरह रविवार दोपहर को भी वह घर में खाना खाने के बाद सो रही थी। उसी दौरान दोपहर के वक्त ये हादसा हो गया।



### अंदर सामान इस तरह से बिखरा हुआ मिला।

बताया गया कि जब घर से काफी तेज धुआं उठने लगा, तब आस-पास के लोगों की नजर पड़ी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को और दमकल की गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। मगर महिला की जान जा चुकी थी। पूरा घर भी जल चुका था। अब शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। फिलहाल ये पता नहीं चल सका है कि घर में आग कैसे लगी थी।

# आरएसएस की विचारधारा को समानांतर इतालवी फासीवाद

पिछले महीने उत्तर प्रदेश की शारदा यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के एक शिक्षक ने अपने विद्यार्थियों से यह सवाल पूछा - क्या आप फासीवाद/नाजीवाद और हिंदू दक्षिणपंथ (हिंदुत्व) में किसी तरह की समानता पाते हैं? तर्कों के साथ वर्णन कीजिए। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शिक्षक को इस आधार पर निलंबित कर दिया कि ऐसा प्रश्न करना हमारे देश की महान राष्ट्रीय पहचान के पूरी तरह प्रतिकूल है और इससे सामाजिक कलह पैदा हो सकती है।

इस आलेख में उस सवाल का जवाब देने की कोशिश की जा रही है। मैंने इतालवी इतिहासकार मारिया कासोलारी के लेखन, खासतौर से इकोनॉमिक ऐंड पॉलिटिकल वीकली में वर्ष 2000 में प्रकाशित उनके लेख हिंदुत्व फॉरेन टाइ-अप इन द 1930 और उनके द्वारा बीस साल बाद प्रकाशित एक किताब शैडो ऑफ स्वास्तिक - द रिलेशनशिप्स बिटवीन रैडिकल नेशनलिज्म फासिज्म ऐंड नात्सिज्म का अपने मुख्य स्रोत की तरह इस्तेमाल किया है। डॉ. कासोलारी का काम इटली, भारत और ब्रिटेन के अभिलेखागारों में जाकर किए गए गहन शोध के साथ ही विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध सामग्री पर आधारित है।

उन्होंने दिखाया कि 1920 और 1930 के दशकों में मराठी प्रेस ने इटली में फासीवाद के उभार को गहरी दिलचस्पी, बल्कि प्रशंसात्मक तरीके से कवर किया। उसका यह भी विचार था कि भारत में इसी तरह की विचारधारा कृषि पर निर्भर इस पिछड़े देश में बदलाव लाकर उसे उभरती हुई औद्योगिक शक्ति बना सकती है और बेलगाम समाज को एक व्यवस्था और अनुशासन से बांध सकती है।मुसोलिनी और फासीवाद पर केंद्रित इन चमकते लेखों को, जिनमें से कई को कासोलारी ने उद्धृत किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख नेताओं केबी हेडगेवार और एमएस गोलवलकर और हिंदू महासभा के प्रमुख नेताओं विनायक दामोदर सावरकर तथा बीएस मुंजे ने भी पढ़ा— इन चारों की मातृभाषा मराठी थी। कासोलारी ने लिखा, 1920 के दशक के अंत में महाराष्ट्र में फासीवादी सत्ता और मुसोलिनी के अनेक समर्थक मौजूद थे।

हिंदू राष्ट्रवादियों को, निस्संदेह फासीवाद के जिस पहलू ने सबसे अधिक प्रभावित किया, वह था अराजकता से व्यवस्था की ओर इतालवी समाज का कथित बदलाव और उसका सैन्यीकरण। इस लोकतंत्र विरोधी प्रणाली को लोकतंत्र का एक सकारात्मक विकल्प माना जा रहा था। दरअसल लोकतंत्र को एक विशिष्ट ब्रिटिश संस्था के रूप में देखा जाता था।% कासोलारी के शोध के एक अहम किरदार हैं डॉ. बीएस मुंजे, जो कि हिंदू दक्षिणपंथ के एक बड़े विचारक हैं। मुंजे ने 1931 में इटली की यात्रा की थी और वहीं उन्होंने फासीवादी सत्ता के अनेक समर्थकों से मुलाकात की थी। वह बेनितो मुसोलिनी और उनकी विचारधारा से, और युवाओं में सैन्यवाद की भावना का संचार करने की उनकी कोशिश से बहुत प्रभावित थे। आग्रह करने पर मुंजे की मुसोलिनी तक से मुलाकात हुई। प्रत्येक महत्वाकांक्षी और बढ़ते राष्ट्र को ऐसे संगठन की जरूरत होती है। भारत को अपने सैन्य उत्थान के लिए उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इटली के फासीवादी तानाशाह से हुए अपने संवाद के बारे में मुंजे ने लिखा - %इस तरह यूरोपीय दुनिया की एक महान शख्सियत सिग्नोर मुसोलिनी से मेरे यादगार साक्षात्कार का समापन हुआ। वह चौड़े चेहरे, दोहरी ठुड्डी और चौड़ी छाती वाले लंबे कद के व्यक्ति हैं। उनके चेहरे से ही झलक जाता है कि वह मजबूत इच्छाशक्ति और दमदार शख्सियत के व्यक्ति हैं। मैंने गौर किया कि इटली के लोग उनसे प्रेम करते हैं। मुंजे मुसोलिनी के व्यक्तित्व से चकित थे, और उनकी विचारधारा में बहते चले गए, जिसमें शाश्वत युद्ध की महिमा और शांति और सुलह के प्रति अवमानना निहित थी। उन्होंने इतालवी तानाशाह के अनुमोदित बयानों को उद्धृत किया, जिनमें से एक की बानगी देखिए, केवल युद्ध ही मानव ऊर्जा को उच्चतम तनाव तक ले जाता है और उन लोगों की श्रेष्ठता साबित करता है, जिनमें इसका सामना करने का साहस होता है। मुंजे आरएसएस के भावी संस्थापक केबी हेडगेवार के गुरु थे। अपने युवा छात्र दिनों में हेडगेवार नागपुर में मुंजे के घर पर ही रहते थे और यह मुंजे ही थे, जिन्होंने हेडगेवार को चिकित्सा की पढ़ाई करने के लिए कलकत्ता भेजा था। इटली की यात्रा के बाद मुंजे और हेडगेवार ने हिंदू महासभा और आरएसएस को करीबी सहयोगी बनने के लिए कड़ी मेहनत की। कासोलारी हमें बताती हैं कि जनवरी,1934 में हेडगेवार ने फासीवाद और मुसोलिनी पर केंद्रित एक सम्मेलन की अध्यक्षता की थी और जिसमें मुंजे एक प्रमुख वक्ता थे।उसी साल मार्च में मुंजे, हेडगेवार और उनके सहयोगियों की एक लंबी बैठक हुई, जिसमें मुंजे ने टिप्पणी की, मैंने हिंदू धर्मशास्त्र के आधार पर एक योजना पर विचार किया है, जो कि पूरे भारत में हिंदुइज्म का प्रमाणीकरण करेगी...लेकिन मुश्किल यह है कि इस विचार को व्यवहार में तब तक नहीं लाया जा सकता, जब तक कि हमारा अपना स्वराज न हो, जिसमें पुराने जमाने के शिवाजी या आज के इटली और जर्मनी के मुसोलिनी या हिटलर जैसा कोई हिंदू तानाशाह हो।


हिंदुत्व का इतालवी संपर्क

> आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार के गुरु बीएस मुंजे इटली के नाजी तानाशाह मुसोलिनी से मुलाकात के बाद भारत में भी हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित सत्ता की कल्पना कर रहे थे।

रामचंद्र गुहा

## संपादकीय

### दो-राहे पर खड़ा नेपाल

मौजूदा शेर बहादुर देउबा सरकार ने इस धारणा को तोड़ने की कोशिश है। बल्कि अब राय यह बनी है कि नेपाल का झुकाव अमेरिका की तरफ हो गया है। जाहिर है, उससे चीन चिंतित है।

नेपाल की पूर्व कम्युनिस्ट सरकारों का झुकाव चीन की तरफ था। तब ये धारणा बनी थी कि नेपाल चीन के खेमे में शामिल हो गया है। मौजूदा शेर बहादुर देउबा सरकार ने इस धारणा को तोड़ने की कोशिश है। बल्कि अब राय यह बनी है कि नेपाल का झुकाव अमेरिका की तरफ हो गया है। जाहिर है, उससे चीन चिंतित है। तो बीते हफ्ते खबर आई कि चीन ने नेपाल को सरकार साफ संदेश दिया है कि 'दूसरे आंतरिक या बहरी पहलुओं' के कारण उसकी वन चाइना नीति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि हाल में कई अमेरिकी अधिकारियों की नेपाल यात्रा की। खास ध्यान पिछले दिनों अमेरिका की मानव अधिकार उप मंत्री उज्ऱा ज़ेया की नेपाल यात्रा ने खींचा। उस दौरान जेया ने नेपाल में तिब्बती शरणार्थियों से भी मुलाकात की। इससे चीन में व्यग्रता पैदा होना लाजिमी है। तो अब उसने नेपाल को वन चाइना नीति की याद दिलाई है। इसका मतलब यह है कि नेपाल तिब्बत या ताइवान को चीन के अभिन्न अंग के रूप में देखता। चीन ने यह संदेश नेपाल-चीन द्विपक्षीय परामर्श समूह की 14वीं बैठक के दौरान दिया। नेपाली मीडिया के मुताबिक चीनी पक्ष ने उज्ऱा ज़ेया की नेपाल में हुई मुलाकातों का सीधे जिक्र नहीं किया। लेकिन जो संदेश दिया, उसका मतलब स्पष्ट है। तो नेपाल आज एक दोराहे पर खड़ा है। यह स्थिति देश में मौजूद मतभेदों के कारण भी है।

# नेताओं पर कुछ पाबंदियां जरुरी

*संसद की संयुक्त समिति ने एक आदेश जारी किया है, जिसके कारण अब सांसदों को सिर्फ अपनी एक ही पेंशन पर गुजारा करना होगा। अभी तक एक सांसद को, यदि वह विधायक भी रहा हो और सरकारी कर्मचारी भी रहा हो तो तीन-तीन पेंशनें लेने की सुविधा बनी हुई है। हमारे सांसदों को तीन लाख 30 हजार रु. तो हर महिने वेतन के तौर पर मिलते ही हैं, उन्हें तरह-तरह की इतनी सुविधाएं भी मिलती हैं कि उन सबका हिसाब बाजार भाव से जोड़ा जाए तो उन पर होने वाला सरकारी खर्च कम से कम 10 लाख रु. प्रति माह होता है।*

जबकि भारत के लगभग 100 करोड़ लोग 10 हजार रु. प्रति माह से भी कम में गुजारा करते हैं। हमारे वे सांसद और विधायक बिल्कुल भौंदू माने जाएंगे, जो सिर्फ अपने वेतन और भत्तों पर ही निर्भर होंगे। राजनीति में आने वाला हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, उसके लिए यह सरकारी वेतन और भत्ते तो ऊँट के मुंह में जीरे के समान हैं। हमारी राजनीति का शुद्धिकरण तभी हो सकता है जबकि हमारे जन-प्रतिनिधि आचार्य कौटिल्य की सादगी का अनुकरण करें या यूनानी विद्वान प्लेटो के दार्शनिक सेवकों की तरह रहें।



प्रधानमंत्री ने खुद को 'प्रधान जनसेवक' कहा है, जो बिल्कुल उचित है लेकिन हमारे नेता गण वास्तव में जनता के प्रधान मालिक बन बैठते हैं। उनकी लूट-पाट और उनकी अकड़ हमारे नौकरशाहों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होती है। वे उनसे भी ज्यादा अकड़बाज और लुटेरे बनकर ठाठ करते हैं। संसदीय समिति को बधाई कि उसने अभी सांसदों की दुगुनी-तिगुनी पेंशन पर रोक लगाई है लेकिन यह काम अभी अधूरा ही है। उसे पहला काम तो यह करना चाहिए कि सांसदों को अपने वेतन और भत्ते खुद ही बढ़ाने के अधिकार को वह समाप्त करे। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में यह अधिकार दूसरे संगठन को दिया गया है। इसके अलावा जरा यह भी सोचा जाए कि यदि कोई व्यक्ति पांच साल से कम समय तक संसद और विधायक रहे तो उसे पेंशन क्यों दी जाए? क्या सरकारी कर्मचारी और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों को इस तरह पेंशन मिल जाती है? मेरी अपनी राय तो यह है कि सांसदों और विधायकों को कोई पेंशन नहीं लेनी चाहिए।

इसके अलावा यदि विभिन्न राज्यों का हिसाब-किताब देखें तो वहां पेंशन के नाम पर लूट मची हुई है। कई राज्यों में जो विधायक कई बार चुने जाते हैं, उनकी पुरानी पेंशन में नई पेंशन भी जुड़ जाती है। पंजाब में अकाली दल के 11 बार विधायक रहे प्रकाशसिंह बादल को लगभग 6 लाख रु. प्रति माह पेंशन मिलती है। 'आप पार्टी' की मान सरकार इस प्रावधान पर रोक लगा रही है।

इसके अलावा विधायकों के और भी कई मजे हैं। देश के सात राज्यों में विधायक लोगों की आय पर आयकर उनकी सरकारें भरती हैं। उन्हें भी सांसदों की तरह निवास, यात्राओं आदि की कई मुफ्त सुविधाएं मिली रहती हैं। जो सुविधाएं जन-सेवा के लिए जरुरी हैं, वे अवश्य दी जाएं लेकिन नेताओं की पेंशन, मोटी तनख्वाह और अनावश्यक सुविधाओं में यदि कटौती कर दी जाए तो हजारों करोड़ रु. की बचत हो सकती है, जिसका लाभ देश के वंचितों, गरीबों और पिछड़ों को पहुंचाया जा सकता है। आजकल देश के नेतागण अपने विज्ञापन छपाने और दिखाने पर अरबों-खरबों रु. खर्च कर रहे हैं। इस पर भी तुरंत पाबंदी लगनी चाहिए।

वेद प्रताप वैदिक

## मिला जुला

# पीएम मोदी करेंगे लाइफस्टाइल फार द एनवायरनमेंट मूवमेंट की शुरुआत

### इसका उद्देश्य लोगों को मिट्टी की बिगड़ती सेहत के बारे में जागरूक करना और इसमें सुधार लाने के प्रयासों को बढ़ावा देना है

**नई दिल्ली।** आज दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञान भवन में 'मिट्टी बचाओ आंदोलन' पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री शाम 6 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वैश्विक पहल 'लाइफस्टाइल फार द एनवायरनमेंट मूवमेंट' का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी विज्ञान भवन में 'मिट्टी बचाओ आंदोलन' पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स भी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य लोगों को मिट्टी की बिगड़ती सेहत के बारे में जागरूक करना और इसमें सुधार लाने के प्रयासों को बढ़ावा देना है।

#### विचार और सुझाव किए जाएंगे



#### आमंत्रित

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 'लाइफ ग्लोबल कॉल फॉर पेपर्स' की शुरुआत की जाएगी। इसमें दुनिया भर में व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों से पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली अपनाने का आह्वान करने के क्रम में शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों आदि से विचार एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

#### बिल गेट्स सहित दुनिया के कई दिग्गज होंगे शामिल

प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान बिल-मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के को-चेयरमैन बिल गेट्स, क्लाइमेट इकोनॉमिस्ट लॉर्ड निकोलस स्टर्न, नड्ज थियोरी के लेखक कास संसटेन, वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के सीईओ-अध्यक्ष अनिरुद्ध दास गुप्ता, यूएनईपी ग्लोबल हेड इंगर एंडरसन, यूएनडीपी ग्लोबल हेड अचिम स्टाइनर और वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष डेविड मलपास सहित दुनिया के कई दिग्गज शामिल होंगे।

#### भारत को कार्बन मुक्त बनाने के लिए प्रयास जारी

पीएम मोदी भारत को कार्बन मुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। ये वैश्विक पहल पर्यावरण फ्रेंडली लाइफ स्टाइल अपनाने की दिशा में लोगों को प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने पिछले बीते साल ग्लासगो में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में स्द्वस्त्रश्व का विचार रखे थे। यह विचार एक पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली को बढ़ावा देता है जो दिमागहीन और विनाशकारी उपभोग के बजाय सदुपयोग को बढ़ावा देता है।

राज्यसभा चुनाव

# कांग्रेस की बाड़ाबंदी में अब तक 98 विधायक ही पहुंचे उदयपुर



**जयपुर.** राजस्थान में राज्यसभा चुनाव के लिये चल रहे दंगल में कांग्रेस की ओर से की जा रही अपने और निर्दलीय विधायकों की बाड़ेबंदी में शनिवार रात तक कुल 98 विधायक ही उदयपुर पहुंच हैं. कांग्रेस पार्टी के खुद के कुल 108 विधायक हैं. जबकि 13 निर्दलीय और 1 विधायक आरएलडी का है। कांग्रेस इन सभी 122 विधायकों को अपनी बाड़ाबंदी में लाना चाहती है लेकिन फिलहाल ऐसा हो नहीं पाया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाराज विधायकों की मान मनुहार करने में जुटे हैं. सीएम अशोक गहलोत और मंत्री उदयलाल आंजना समेत निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा रविवार को उदयपुर जा सकते हैं।

इस बीच कांग्रेस के नाराज विधायकों की राजधानी जयपुर में विधायक संदीप यादव के घर पर शनिवार रात को बैठक हुई. इस बैठक में बसपा से कांग्रेस में आये विधायक राजेंद्र गुढ़ा, संदीप यादव, लाखन मीणा और वाजिब अली समेत कांग्रेस विधायक गिर्राज मलिंगा मौजूद रहे. उसके बाद विधायक खिलाड़ीलाल बैरवा भी वहां पहुंचे बताये जा रहे हैं।

#### नाराज विधायकों के साथ सीएम गहलोत ने की बैठक

*इन विधायकों से समझाइश के लिये सीएम अशोक गहलोत के खास सिपाहसालार आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ भी वहां पहुंचे. वहां सभी ने बैठक की. बैठक के बाद ये सभी विधायक देर रात बातचीत के लिये मुख्यमंत्री निवास के लिए हुए रवाना हुये.*

कहा- आपराधिक मानहानि के लिए तैयार रहें

# मनीष सिसोदिया के आरोपों पर असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का पलटवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शनिवार को अपने मंत्री सत्येंद्र जैन का बचाव करते हुए असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगा दिए। इसके बाद सियासत तेज होनी ही थी। असम के सीएम ने सिसोदियाी के दावों को झूठा बताते हुए उनपर क्रिमिनल डिफेमेशन का केस करेंगे। सिसोदिया ने हिमंता पर पीपीई किट में घोटाले का आरोप लगाया है। सिसोदिया ने कहा कि बीजेपी के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने अपनी पत्नी की कंपनी को सरकारी खरीद में ठेके दिए और 600 रुपए की पीपीई किट 990 रुपये में ली। असम सीएम हिमंता ने कहा कि जिस वक्त पूरा देश कोरोना की महामारी से जूझ रहा था तब असम के पास मुश्किल से कोई पीपीई किट थी। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने आगे आने का साहस दिखाया और सरकार को करीब 1500 पीपीई किट फ्री में डोनेट की। उन्होंने एक रुपया तक नहीं लिया। हिमंता ने सिसोदिया को लेकर कहा कि उस वक्त सिसोदिया ने बिल्कुल दूसरा रूप दिखाया। मैंने दिल्ली में फंसे असम के लोगों की मदद करने के लिए सिसोदिया को बार बार फोन किया। पर उन्होंने कुछ नहीं किया।



# किराए पर ली कंपनी में बन रहा था मौत का 'सामान', पड़ोसियों को भनक तक नहीं

**धौलाना/हापुड़।** हापुड़ जिले के धौलाना औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी से मात्र 250 मीटर और सीएनजी पंप से 500 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्टरी में शनिवार दोपहर ढाई बजे भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में 12 मजदूरों की मौत हो गई और 21 बुरी तरह झुलस गए। इनमें से पांच की हालत बहुत गंभीर है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने के लाइसेंस पर चलाई जा रही फैक्टरी में बारुद के ढेर में अन्य रसायन मिलाए जाते समय हुआ धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरी इमारत जमींदोज हो गई और भीषण आग लग गई। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पांच सौ वर्ग मीटर की फैक्टरी परिसर में टिन शेड के नीचे अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम पिछले तीन महीने से चल रहा था। पड़ोस में काम करने वाले फैक्टरी संचालकों ने बताया कि फैक्टरी में करीब तीन साल पहले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने का काम होता था। मेरठ निवासी दिलशाद खान की रूही इंडस्ट्रीज के नाम से फर्म है और इसी नाम से रजिस्टर्ड है। लेकिन पिछले काफी समय से काम बंद था और करीब तीन माह पहले ही इस फैक्टरी को हापुड़ निवासी वसीम को किराये पर दिया गया था। फैक्टरी में एक हॉल और छोटे कमरे के अलावा पूरे परिसर में बड़े टिन शेड के नीचे काम चल रहा था।



# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की हत्या की अफवाह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की साजिश रचने की अफवाहों के बीच इस्लामाबाद से सटे इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस्लामाबाद पुलिस के प्रवक्ता ने शनिवार को देर रात बताया कि इस्लामाबाद में पहले ही धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके साथ ही सभी प्रकार सभाओं, प्रदर्शन पर रोक लगा दिया गया है। वहीं बानी गाला में विशेष सुरक्षा तैनात की है। इस्लामाबाद पुलिस कानून के अनुसार इमरान खान को पूरी सुरक्षा मुहैया कराएगी और इमरान खान की सुरक्षा टीमों से भी पारस्परिक सहयोग की उम्मीद है। इसके साथ ही इस्लामाबाद पुलिस ने ट्वीट करके बताया कि बानी गाला में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के संभावित आगमन को देखते हुए बनी गाला के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और हाई अलर्ट पर रखा गया है।



# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं पौधरोपण के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़–सीतापुर।

शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब एवं अन्य सीतापुर के सामाजिक संगठनों द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किये।




आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस थीम 2022 केवल एक पृथ्वी पर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर, विवेकानंद युवा क्रांति, युवा सेना सीतापुर, सर्व आदिवासी समाज एवं एबीसी सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। इस अवसर पर हाई स्कूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में सभी लोग एकत्रित होकर पर्यावरण सुरक्षा के लिए शपथ लिए और 200 पौधे वन विभाग द्वारा प्रदान किए गए। जिसे सभी स्वयंसेवक, विद्यार्थी एवं आम नागरिकों द्वारा स्लोगन, रैली एवं एक पेड़, एक जिंदगी के माध्यम से रैली निकाली गई। रैली सीतापुर तहसील कार्यालय से होते हुए तहसीलदार आवासीय परिसर में शशिकांत दुबे तहसीलदार द्वारा पौधे रोपित एवं सुरक्षा का भी उपाय की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात जयस्तंभ चौक होते हुए पुलिस थाना परिसर में एकत्रित होकर थाना प्रभारी एवं नौजवानों द्वारा पौधे रोपित किए गए। विश्व पर्यावरण के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब प्रभारी डॉ रोहित बरगाह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय कैंपस में भी वृक्षारोपण सुरक्षा के साथ रोपित किए गए। डॉ. रोहित कुमार बरगाह रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने इस अवसर पर स्वयम सेवको, छात्र एवं लोगों को संबोधित किए और संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। इसकी सुरक्षा के लिए हम सभी को आगे आकर कार्य करना होगा क्योंकि पृथ्वी का हरा भरा वातावरण हमारी जिंदगी और स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। संतोष बैक, विराट भोय एवं अरूणा प्रधान द्वारा अपने संबोधन में पर्यवरण ही जीवन का आधार है। हम सब मिलकर ही पर्यावरणीय समस्या जैसे जल, वायु प्रदूषण, पलास्टिक प्रदूषण,, ओजोन क्षरण समस्या, ग्लोबल वार्मिंग जो कि वैश्विक है में हम सब मिलकर ही इस समस्या से मुक्ति पा सकते हैं। इस समस्या को पेड़ पौधे लगाकर कम किये जा सकते है। रासेयो स्वयं सेवकों एवं विभिन्न संगठनों ने स्टेडियम के बाजार में लोगों को निशुल्क पौधे वितरित किए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 100 से अधिक लोगों ने भाग लेकर विभिन्न फ लदार, छायादार, इमारती, औषधि पौधे जैसे साल, सागोन, नीम, आँवला, मुनगा, पपीता, शीशम, खम्हार, इमली, बिही, निम्बू, कटहल, लीची आदि 200 पौधे वितरित एवं रोपित किये गए।

## थाना तोंगपाल में लगभग 1 लाख 57 हजार रुपये के गांजा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–सुकमा।



जिला सुकमा में सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, किरण गंगाराम चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक, ओम चंदेल अति. पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी तोंगपाल तोमेश वर्मा के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना तोंगपाल पुलिस द्वारा थाना के सामने एनएच 30 पर वाहन चेकिंग डियूटी के दौरान मलकानगिरी से रायपुर की ओर जाने वाली महिन्द्रा ट्रेव्हल्स बस में एक काला रंग के बैग के अंदर मादक पदार्थ गांजा परिवाहन करते पाये जाने से एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी दीपक प्रजापति पिता जगदीश प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी खामखेड़ा जत्रा थाना खाचरोद तहसील आष्टा जिला सीहोर मध्यप्रदेश का निवासी है। जिसके कब्जे से 16 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ मादक पदार्थ गांजा का अनुमानित किमत रुपये ;एक लाख संतावन हजार रुपये है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल, सउनि बृजलाल गावड़े, मादाराम मुचाकी, आर अजय सिन्हा, पीलाराम सलाम, उदय कृपाल सहा, आर मंगलु ध्रुव एवं गोपनीय सैनिक मुकेश सांवलकर का विशेष योगदान रहा।

## छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार, शराब पीकर करता था तंग

**कोरबा** । 03 जून 022 के शाम 04.35 बजे प्रार्थीया रंजना परिवर्तित नाम ग्राम कर्मा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई 2 जून 2022 के शाम करीबन 6.00 बजे उसके पड़ोस में रहने वाला राजेंद्र यादव पिता समार शाय उम्र 30 वर्ष पता छातापखना थाना बांगो शराब के नशे में उसके घर अंदर घुस कर उसके साथ गलत नियत से हाथ बाह को पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा एवं विरोध करने पर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे डंडे से मारपीट करने लगा। जिसके डर से वह घर से बाहर भागने लगी इस दौरान भी उसका पीछा करते हुए जान से मारने की धमकी देकर अश्लील गाली गलौज करते हुए पीछा किया।

## राजधानी में होने वाले महापड़ाव में जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं होंगी शामिल

### रायपुर में 9 और 10 जून को प्रदेश भर के जुटेंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए सहायिकाएं

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



### दो दिन जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्रों में जड़े रहेगा ताला

बागबाहरा के कर्मचारी भवन में 9 एवं 10 जून 2022 को राजधानी में होने वाले महाआंदोलन की रूपरेखा और तैयारी को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की एक बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर दर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने सहित छः सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जिसमें जिले भर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं शामिल होंगी। बागबाहरा तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन में रविवार को छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के बैनर तले बैठक आहूत की गई। जिसमें छग जुझारू कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष पद्मावती साहू ने 9 एवं 10 जून को राजधानी रायपुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय महाआंदोलन महापड़ाव की रूपरेखा और तैयारी पर चर्चा की। प्रांताध्यक्ष साहू ने इस दौरान कहा कि छः सूत्रीय मांगों को लेकर दिन और रात यानी 48 घंटे यह महापड़ाव जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि छः सूत्रीय मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को दिए जाने वाला मानदेय कलेक्टर दर पर दिया जाए। और सभी को शासकीय कर्मचारी दर्जा प्राप्त हो। इसी प्रकार सुपरवाइजरों का शत प्रतिशत पदोन्नति किया जाए। मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण रूप से आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाए।

सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर निशर्त लिया जाए। इसी तरह रिटायर्ड आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 5 लाख और सहायिकाओं को 3 लाख रुपए दिया जाए तथा पोषण ट्रेकर में काम करने के लिए नया मोबाइल फोन और नेट पैक शामिल है। प्रांताध्यक्ष साहू ने एक जुटता के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस महापड़ाव में शामिल होने की अपील की है। इस अवसर पर प्रातांउपाध सुधा रात्रे, जिलाध्यक्ष सुलेखा शर्मा, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष सरोज चंद्राकर, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ अध्यक्ष भीमसेन चंद्राकर, संरक्षक भैयालाल चंद्राकर, रूपेश सोनी, बुनकर, सोनी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कल्पतरु डिजिटल एप की हुई ऑनलाइन लॉन्चिंग

**धमतरी** । कृषि एवं ग्राम विकास विभाग और आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने अनूठा वृक्षारोपण अभियान कल्पतरू का डिजिटल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने मोबाइल में कल्पतरू एप डाउनलोड कर एक-एक पौधा रजिस्टर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि संस्थान द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए कल्पतरु एप के जरिए पूरे भारत में 40 लाख पौधे लगाने का जो संकल्प लिया गया है वह बहुत प्रशंसनीय है। कल्पतरू एप की ऑनलाइन लॉन्चिंग पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने संस्थान द्वारा चलाये जाने वाले अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने पूरे भारत में प्रति व्यक्ति एक पौधा के हिसाब से 40 लाख पौधे लगाए जाने की पहल को सराहनीय प्रयास बताया। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी माध्यम से प्रकृति और पर्यावरण को, संरक्षित करने, बचाए रखने के लिए आगे बढ़ने का आव्हान किया।

## एक नजर

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षकों ने पौधा लगाकर दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



पर्यावरण व्यवस्था को बनाए रखने, भोजन, पानी आदि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में वन संपदा का मुख्य योगदान है। आज वर्तमान समय में वनों की अंधाधुंध कटाई से वातावरण में तापमान अत्यधिक तेज गति से बढ़ रहा है, जिससे कई प्रकार की परेशानियां सामने आ रही हैं। साथ ही वनों की कटाई से महत्वपूर्ण संसाधनों, औषधि आदि की भी लगातार कमी होती जा रही है। इस जीव मंडल की पर्यावरणीय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। आज को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद बैध गर्वमेंट कालेज बेमेतरा में प्लान्टेशन का कार्य किया गया इस मौके पर महाविद्यालयिन प्राचार्य डॉ भारती यजुर्वेदी सहायक प्राध्यापक युगेन्द्र साहू एवं स्वाती चन्द्रवंशी एवं अन्य कार्यलयीन कर्मचारी उपस्थित हुए।

### लायंस क्लब ऑफ कोरबा का सत्र 2022-23 के लिए नयी कार्यकारिणी सदस्य का गठन

**कोरबा** । लायंस क्लब ऑफ कोरबा के नये पदाधिकारियों का चयन आगामी सत्र 2022-23 के लिए चयनसमिति के द्वारा सभी सदस्यों आपसी सहमती एवं विचार विमर्श से किया गया जिनके नामों की धोषणा चयनसमिति के चेयरमेन एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल जी के द्वारा किया गया। जिसे लायंस क्लब ऑफ कोरबा के सभी लायन सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमती प्रदान की एवं करतल ध्वनि से स्वागत किया। जिसमें लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) को आगामी सत्र का अध्यक्ष, लायन दीपक माखीजा को सचिव और लायन श्रवण बेरिवाल को कोषाध्यक्ष एवं प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में लायन मीना सिंह जी के नाम की घोषणा किया गया। जिसमें द्वितीय उपाध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े, तृतीय उपाध्यक्ष लायन राकेश अग्रवाल, सह सचिव लायन दर्शन दुआ, सह कोषाध्यक्ष लायन प्रमेश चंदेल, जन संपर्क अधिकारी लायन कन्हैया सोनी, टेल ट्वीस्टर लायन रश्मि सिंह, टेमर लायन भगवती अग्रवाल, ळस्ज् को.ऑडिनेटर लायन राजकिशोर प्रसाद, ळडज् को.ऑडिनेटर लायन अशोक जायसवाल, ळैज् को.ऑडिनेटर लायन संतोष खरे, स्ब्थ् को.ऑडिनेटर लायन आशीष अग्रवाल, क्लब सलाहकार लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन सत्येन्द्र वासन, संरक्षक लायन जयसिंह अग्रवाल, लायन आनंद प्रसाद जायसवाल, लायन पदमसिंह चंदेल, लायन श्रीकांत बुधिया, लायन राधेश्याम बंसल,संचालक मंडल के सदस्य लायन बृजमोहन शर्मा, लायन अशोक कुमार चावलानी, लायन मधु पाण्डेय, लायन अमरेश सिंघानिया ,लायन पुरुषोत्तम अग्रवाल, लायन गोपाल प्रसाद अग्रवाल, लायन सुभाष केडिया, लायन सुभाष अग्रवाल (आर.पी.), लायन पवन अग्रवाल, लायन अरविन्द साहू, लायन शहनाज शेख लायंस क्लब ऑफ कोरबा के समस्त पूर्व अध्यक्ष संचालक मंडल के सदस्य होंगे।

### लालपुर में लगा चलित थाना

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भोजराम पटेल, अतिरिक्त वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा श्री ईश्वर त्रिवेदी के निर्देशन में संगवारी पुलिस चलित थाना ग्राम पंचायत लालपुर के पंडोपारा में लगाया गया। जिसमें गांव के आम जनता महिला पुरुष करीबन 25-30 की संख्या में उपस्थित आए, जिनको किसी प्रकार की। समस्या एवं परेशानी के संबंध में बताने कहने पर उनके द्वारा किसी प्रकार की समस्या नही होना बताये। उपस्थित आमजन को कानूनी संबंधित जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाले अपराध एवं घटना के संबंध में, सायबर ठगी से सम्बंधित जानकारी, बरसात के समय मे सर्पदंश से बचाव, वनों की कटाई एवम आग से बचाने सम्बन्धी सुझाव, हांथी प्रभावित क्षेत्र होने से वन विभाग एवम शासन के गाइड लाइन का पालन कर अपने आप को सुरक्षित करने विस्तार से समझाइश, सुझाव दिया गया।

### व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन

**नगरी** । ब्लॉक युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार नगरी द्वारा पाँच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके चतुर्थ दिवस में युवाओं को श्रेष्ठ संस्कार देने हेतु शिविर में बाल संस्कार शाला का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें साधना, जप ,ध्यान ,जीवन जीने का कला, संस्कारिक खेल,मनोरंजक कहानी,चुटकुले,सद्वाक्य, दोहा,संगीत, एवं रोचक खेल भी सीख कर आज युवा बालकार संस्कार शाला का टकसाल सृजन कर अपने क्षेत्र-परिक्षेत्र में बाल संस्कार शाला चला पाएंगे जिससे बच्चे के अंदर नैतिक,सामाजिक, आध्यात्मिक,मानसिक व्यवहार में शोधन से संस्कारयुक्त युवा प्रतिदिन अपने बड़ों का सम्मान करना सीखेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर दिया गया जनजागरूकता संदेश, पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–सुकमा।



पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिले में जनजागरूकता का संदेश दिया गया। पर्यावरण दिवस पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आम जनता ने श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों को प्लास्टिक का उपयोग ना करने, साफ-सफाई रखने और पौधरोपण करने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया साथ ही जनजागरूकता संदेश देने के लिए रैली भी निकाली गई। पर्यावरण दिवस पर समन्वित प्रयास से आयोजित गतिविधियों में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों आदि द्वारा अपनी सहभागिता रैली, पेंटिंगए मेहंदी प्रतियोगिता, वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण शपथ में दी गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाल गृह छिंदगढ़, स्वास्थ्य केन्द्र मरईगुड़ा, किस्टाराम, डुब्बाटोटा, गोरगुंडा, पुसपाल, गादीरास आदि जगहों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




## दिव्यांगों की सेवा में समर्पित होकर उनकी मांगों के समर्थन में करेंगे आवाज बुलंद-योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ विकास मंच के बैनर तले दिव्यांगों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित बेमेतरा शहर के गांधी भवन में छत्तीसगढ़ विकास मंच के बैनर तले दिव्यांगों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला रखी गई।




जिसमें दिव्यांगों को उनके अधिकार और संगठन की मांगों की जानकारी दी गई। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, पार्षद नीतू कोठारी बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यशाला में दिव्यांग संघ की मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करने को लेकर चर्चा हुई। सभी अतिथियों ने एक स्वर में निशक्त जनों की सेवा में समर्पित होकर उनकी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 10 लाख दिव्यांग है, जो कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कई दिव्यांग साथियों को रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजारों, मंदिरों में भीख मांग कर अपनी जिंदगी काटने के लिए मजबूर है। शासन ने आज से 20 वर्ष पूर्व एक कानून दिव्यांग व्यक्ति समान अवसर अधिकार अधिनियम 1995ए जिससे कि दिव्यांग व्यक्तियों को अधिकार मिल सके एवं योजनाओं का लाभ ले सके लेकिन आज तक दिव्यांगों को इस कानून व शासन द्वारा बनाए गए योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### इन योजनाओं का लाभ मिले दिव्यांगों को

प्रत्येक दिव्यांगों को 10 किलो राशन दिलाने की योजना, बस में सफ र हेतु निशुल्क बस पास योजना, 80 प्रतिशत दिव्यांगों को रेलवे में सफ र करने पर 75 प्रतिशत किराए में छूट की योजना, गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले दिव्यांगों हेत 350 व 500 रुपए प्रति माह की पेंशन योजना, शासकीय नौकरी में 6 प्रतिशत आरक्षण योजना, दिव्यांगों को ऋ ण हेतु वित्त विकास निगम से 50 हजार से 25 लाख तक ऋ ण योजना, दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान करने की योजना, दिव्यांगों हेतु विवाह प्रोत्साहन योजना पति पत्नी में एक दिव्यांग होने पर 50 हजार और दोनों दिव्यांग होने पर 1 लाख, दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई हेतु छात्रवृत्ति योजना, अस्थि बाधित दिव्यांगों हेतु मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान करने की योजना का लाभ नहीं मिलने से दिव्यांगों में खासी नाराजगी है।

# केल्हारी पुलिस ने 4 पशु तस्करों को किया गिरफ्तार, 48 नग मवेशियों के साथ 2 वाहन जप्त







जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मवेशियों को गाड़ियों में भरकर ले जा रहे आरोपियों पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सभी मवेशियों को जप्त कर लिया है। जिले के केल्हारी थाना अंतर्गत ग्राम तिलोखन में कार्यवाही करते हुए केल्हारी पुलिस ने अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर ले जाये जा रहे 48 मवेशियों को जप्त कर मामले में 2 वाहन चालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी केल्हारी जवाहरलाल गायकवाड ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध जुआ, सट्टा और पशु तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। इसी दौरान शनिवार को पुलिस टीम को सूचना मिली की दो गाड़ियों में 48 मवेशियों को भरकर कुछ आरोपी ले कर जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही तत्काल मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक कोरिया प्रफुल्ल कुमार ठाकुर को दी गई जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राकेश कुमार कुर्रे के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत तिलोखन के मुख्य मार्ग पर कार्रवाई करते हुए दो गाड़ियों को रोका गया। जब गाड़ियों की तलाशी ली गई तो उसमें 48 नग मवेशियों को ठूंस ठूंस कर भरा गया था। मवेशियों के संबंध में जब वाहन में सवार लोगों से दस्तावेज की मांग की गई उनके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके बाद पुलिस ने पशु अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए दो वाहन चालकों समेत कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी केल्हारी निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड, प्रधान आरक्षक शेष नारायण सिंह, आरक्षक दीपक मिंज, सीताराम वारे की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर

### मोदी के आठ साल पूरे होने को मण्डल स्तर पर मनाने भाजयुमो का बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



आने वाले 9 जून को मोदी सरकार का आठ साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और इस आठ साल पूरा होने को लेकर भाजयुमो के प्रदेश नेतृत्व ने धूमधाम से मनाने के निर्देश जारी किये हैं। इसकी तैयारी को लेकर झाखरपारा मण्डल में कल बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें भाजयुमो गरियाबंद जिला प्रभारी रोहित माहेश्वरी और भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप शामिल हुये। मोर्चा के बैठक में आगामी विस चुनाव पर मोदी सरकार के आठ साल में सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने से लेकर पार्टी विस्तारक में लगे युवा मोर्चाक्ष के कार्यकर्ताओं आदि कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

### 50 हजार किताबों की चोरी मामले में प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरती तिवारी निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कुछ दिन पहले कोरिया जिले के सबसे प्राचीन महाविद्यालय शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय की सबसे पुराने लाइब्रेरी से लगभग 50000 हजार किताबों की चोरी हो गई है। जिस पर हमारे द्वारा इस खबर को पूरी प्राथमिकता के साथ 28 मई को प्रकाशन किया गया था और इस चोरी में कहीं ना कहीं प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही थी। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आई और कढ़ाई के साथ जांच पड़ताल की गई। जिसके बाद महाविद्यालय की पुस्तकालय से 50 हजार पुस्तकों के चोरी होने पर सही जानकारी ना देने और अन्य अनियमितताओं पर छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरती तिवारी पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

### सनातन धर्म को मानने वालों ने काली मंदिर में की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा में सनातन धर्म को मानने वालों द्वारा काली मंदिर में बैठक की गई बैठक में आने वाले जुलाई माह में भागवत कथा आयोजन करने के विषय मे चर्चा की गई। सनातन धर्मियों ने कहा कि आज देश में जिस प्रकार से हिन्दू धर्म मजबूत हुआ है सुकमा जिले में भी लोगों में हिंदुत्व की धारा का बहाव हो इस हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराना आवश्यक है इसी हेतु यह बैठक रखी गई है।

### दुकान व केंटीन से नगद चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । रामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत दुकान व अस्पताल केंटीन से हुई चोरी के मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों स्थान में एक ही युवक ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। रामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में लगातार दो चोरी होने से लोगों में भय का वातावरण वन गया था, वहीं पुलिस के लिए मामला चुनौतीपूर्ण हो गया था।

## खेलगांव के खिलाड़ियों ने खेल मैदान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर से 10 किलोमीटर दूर खेलगांव नवागांव में ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छाया विधायक कोटा विभोर सिंह एंव सभी खिलाड़ियों द्वारा पानी टंकी खेल मैदान पर पौधरोपण किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति आज भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी खेल मैदान में सुबह शाम अभ्यास करने वाले बालक व बालिका खिलाड़ियों के प्रयास से खेल मैदान के चारो तरफ खाली जगह पर छायादार व फलदार पौधा, जैसे जामुन, इमली, कदम, आम, आंवला आदि पौधा लगाया गया पौधों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया और ये ट्री गार्ड सिनियर खिलाड़ी जो वर्तमान में सरकारी संस्थाओं में कार्यरत है उनके द्वारा दिया है जिसमे गोविन्दा जायसवाल छ ग पुलिस, गोपाल सिंह श्याम शिक्षक, किशन सिदार शिक्षक, अमर श्याम शिक्षक, ओमकार जायसवाल क्रीड़ाधिकारी, अजय श्याम छ ग सशत्रबल, संजय मरावी छग सश बल, सिनियर खिलाड़ियों द्वारा दिया गया है इससे पहले लगाए गए पौधे अब पेड़ का रूप धारण कर रहे जो राहगीरों को छाया व फल प्रदान कर रहे हैं इस दौरान छाया विधायक कोटा विभोर सिंह ने कहा कि खेलगांव के खिलाड़ियों का मेहनत का फल है कि खिलाड़ी राज्य व रास्ट्रीय स्तर पर अपना और अपने गांव ब्लांक व जिला का नाम रोशन कर रहे है इनके द्वारा पौधरोपण करना सराहनीय कदम है अगर हम एक पेड़ लगाते है तो वो पेड़ 100 लोग को जीवन प्रदान करते है जिस तरह से कोरोना काल मे हमे पेड़ो की कमी महशुस हुआ है ऑक्सीजन के लिए लोग तरसे है।

## चित्रकला प्रतियोगिता में प्रेक्षा सिंह को मिला तृतीय स्थान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 4 व 5 जून को न्यू सर्किट हाउस स्थित न्यू कन्वेंशन हॉल, सिविल लाइन रायपुर में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वही पृथ्वी अनमोल है प्रकृति संग संतुलन बनाएं विषय पर दीपक आर्ट एंड फन हॉबी क्लासेस आइसेक्ट कंप्यूटर सेंटर मनेन्द्रगढ़ की छात्रा प्रेक्षा सिंह पिता डॉ. प्रफुल्ल सिंह, कक्षा 7वीं ने ड्राइंग शिक्षक दीपक कुमार के मार्गदर्शन में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं पूर्वी यादव पिता ललित यादव, कक्षा 8वीं व अनन्या गुप्ता पिता विनोद गुप्ता, कक्षा 7वीं ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त ईशान जयसवाल, दीक्षा नायक, जसमीत कौर, अनुराधा त्रिपाठी, बिपुल त्रिपाठी, काव्या गुप्ता, प्रथमेश सिंह व सार्थक सिंह ने भी राज्य स्तर पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। ड्राइंग शिक्षक दीपक कुमार के मार्गदर्शन में समस्त विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं आवास व पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर तथा सदस्य सचिव, पर्यावरण संरक्षण मंडल, आरपी तिवारी ने विजेता प्रतिभागियों में से प्रेक्षा सिंह को 2100 रुपयें व सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को 1100 रुपयें व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए अपने शुभकामनाएं दी। छात्राओं की इस उपलब्धियों से नगर गौरवान्वित हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाये गए 3000 पौधे

**कवर्धा** । कवर्धा बड़े शहरों में ही नहीं छोटे शहरों में भी पर्यावरण प्रदूषण सिर्फ इंसानों पर ही नहीं पृथ्वी पर रह रहे सभी जीवों के लिए ख़तरा बन गया है। यही वजह है कि कई जीव-जंतु विलुप्त हो रहे हैं। जीवन को खतरा पैदा हो रहा है, सांस लेने के साथ साथ कई गंभीर बीमारियां लोगों को चपेट में ले रही हैं। जंगल सिमट रहे हैं और नदियों की अविरल धारा सूख रही है। जिसको देखते हुवे नगरपालिका के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़ा आयोजन किया गया ।शहर के सरदार पटेल मैदान में जिले के जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख अलावा भारी संख्या में नागरिक और स्कूली बच्चे कार्य्रकम में हिस्सा लिया और जहां नगरपालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कलेक्टर रमेश शर्मा पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेन्द् सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि ने विश्व पर्यावरण की महत्व बताई और सभी को शपथ दिलाई ।।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग ने किया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



हर साल की तरह इस साल भी विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग ने वन विभाग कार्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। ऐसे समय-समय पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारी गांव में जागरण का कार्यक्रम आयोजन करते हैं जिसमें वन सुरक्षा समिति को भी वनों के अवैध कटाई पर रोक लगाने बैठक भी करती है। वन सुरक्षित रहे वनों की की कटाई पर रोक लगे इसके लिये वन विभाग ने पिछले वर्ष सालभर मे 25 कार्यवाही की थी। जिसके बाद से आसपास के वनों के अवैध कटाई पर थोड़ा रोक तो लग गया है फिर भी सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण ओडिशा के तस्कर सक्रिय रहते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस में वृक्षारोपण के अवसर पर एसडीओ राजेन्द्र कुमार सोरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी नागराज मण्डावी और सहायक परिक्षेत्राधिकारी दिनेश चन्द्र पात्र सहित वन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## महासमुंद क्रांतिकारी जिले के तुमगांव हाईवे में किसानों ने 100 दिन शतक सत्याग्रह पूरा किया

### 6 जून को कूच करेंगे जिला मुख्यालय महासमुंद-किसान नेता अशवन्त तुषार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



हाईवे में स्थित गांव खैरझिटी, कौंवाझर, मालीडीह के कृषि भूमि, वन भूमि, गरीबों का काबिल कास्त भूमि, आदिवासी भूमि में गैर कानूनी ढंग से करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट लगाने के विरोध में विगत 25 फरवरी 2022 से किसानों द्वारा छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अखण्ड धरना सत्याग्रह चल रहा है। आज सत्याग्रह के 100 वें लगभग 125 किसान, जवान एवं महिलाओं ने भाग लिया। आंदोलनकारी किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे व किसान नेता अशवन्त तुषार साहू संबोधित किया। सत्याग्रह सभा को संबोधित करते राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे ने सत्याग्रह सभा को संबोधित करने के पूर्व सत्याग्रह स्थल पर स्थापित भगवान महादेव के मूर्ति एवं चबूतरा को एसडीएम एवं तहसीलदार खड़े होकर तुड़वाये थे, वहां दुबे द्वारा पुनः भगवान शिव की मूर्ति स्थापित किया गया जहां 125 सत्याग्रही व किसान नेता अशवन्त तुषार साहू सामिल हुए। पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद सत्याग्रह सभा को संबोधित करते राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे व किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने कहा कि किसान आंदोलन का गढ़ महासमुंद जिला के खैरझिटी में आज धरना सत्याग्रह का 100 वें दिन इतिहास के रचने में किसान मोर्चा ने नेताओं ने सफल हुए हैं। हमारे सत्याग्रही किसान भाइयों एवं बहनों ने संयम एवं अनुशासन के जरिये इतिहास रचने में सहायक हुए हैं। जब तक गैर कानूनी ढंग से करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट स्थापित करने षडयंत्र रचा जाएगा तब तक धरना सत्याग्रह जारी रहेगा आगे किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने कहा जिस प्रकार से आप लोगों ने गांधीवादी तरीके से धरना सत्याग्रह को सफल बनाया और उद्योगपतियों के दलालों को कानूनी घेरा में जकड़ा है। वैसे ही 6 जून को रैली, सभा को भी सफल बनाना है।

## मोदी सरकार के 8 वर्ष होने पर 15 दिन चलेगा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का सेवा, सुशासन कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




30 मई 2022 को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूरे हो गए हैं। इन वर्षों में जहां एक और कई ऐतिहासिक निर्णय देश हित में लिए गए, वही अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होते हुए देश विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूते हुए निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। अंकुर जैन ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि अभी हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में चारों राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा एवं मणिपुर में पार्टी को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ है तथा ऐतिहासिक रूप से इन चारों राज्यों में पुनः पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कोरिया द्वारा सभी मंडलों में मोदी सरकार के 8 साल होने पर लोगों के घर जाकर बातचीत की जा रही है जो कि निरंतर चलता रहेगा, मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी जा रही है। मोदी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर मोदी सरकार के प्रमुख कामों की जानकारी लोगों को दी गई जैसे तीन तलाक बिल, कश्मीर से 370 और 35 धारा को हटाना, इस सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से बचने के लिए पूरे भारत में फ्री वैक्सीन भी लोगों को लगाई गई, प्रधानमंत्री आवास योजना जिससे गरीब व्यक्ति भी अपना स्वयं का घर बना रहा है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे भारत में सड़कों का मजबूत जाल बिछाया गया, जिससे विकास मे और गति मिली। हर घर शौचालय योजना, उज्जवला योजना जिससे माताओं बहनों को जहरीले धुएं से निजात मिलीए जन-धन खाता खुलने से सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा हितग्राही के खाते में आता है, किसान सम्मान निधि से हर एक किसान आज सम्मान के साथ जीवन जी रहा है आदि अनेक योजनाएं मोदी सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही हैं जिसका लाभ सभी को हो रहा है। पर्यावरण दिवस के मौके पर फलदार पौधों का वितरण किया गया एवं सभी से अनुरोध किया गया कि उसे लगाएं और उसकी देखभाल अवश्य करें। जिले के सभी मंडलों में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जैसे घर-घर पंपलेट बाटना, लाभार्थियों से बातचीत करना, पौधे भेंट करना, शहीद परिवारों से मिलना, शरबत वितरण, स्कूल प्रवेश महोत्सव मनाना, वृक्षारोपण करना। सभी कार्यक्रम 1 से 14 जून तक सभी मंडलों में किए जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़, सोमवार 6 जून 2022

## शाहरुख ने किया एटली की फिल्म जवान का ऐलान, टीजर लॉन्च



शाहरुख खान काफी समय से साउथ फिल्ममेकर एटली की अगली फिल्म को लेकर लाइम लाइट में हैं। यह शाहरुख का ड्रीम प्रोजेक्ट है। अब अभिनेता शाहरुख ने इस फिल्म का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की घोषणा करते हुए एक मजेदार टीजर शेयर किया है। एटली के लिए भी यह फिल्म खास है, क्योंकि इसके साथ वह बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

शाहरुख ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म के नाम से पर्दा उठाया है। एटली की उनकी अगली फिल्म का शीर्षक जवान होगा। शाहरुख ने अपने पोस्ट में लिखा, एक्शन से भरपूर 2023! 2 जून, 2023 को सिनेमाघरों में एक धमाकेदार एंटरटेनर जवान को आपके लिए ला रहा हूं। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दर्शकों के बीच आएगी। रिलीज डेट के साथ ही फिल्म से शाहरुख की झलक भी सामने आ चुकी है।

रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक यूट्यूब हैंडल पर फिल्म का टीजर शेयर किया है। इसमें शाहरुख का लुक काफी यूनिक लग रहा है। उन्हें कभी इस तरह के अवतार में नहीं देखा गया है। वह अपने माथे पर पट्टी बांधे हुए नजर आए और उनका चेहरा लहूलुहान दिखा है। हाथों में बंदूक थामे शाहरुख का एक्शन अवतार काफी इंटेंस लग रहा है। इसमें शाहरुख की खौफनाक हंसी देखने लायक है।

इस फिल्म को लेकर शाहरुख काफी उत्साहित दिखे हैं। शाहरुख ने फिल्म को लेकर अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, फिल्म जवान एक सार्वभौमिक कहानी है, जो भाषाओं और भौगोलिक क्षेत्रों से परे जाती है। यह फिल्म सभी के आनंद के लिए है। इस अनूठी फिल्म को बनाने का श्रेय एटली को जाता है।

## बाथरूम में तेजस्वी ने कराया बोल्ड फोटोशूट, फ्लॉन्ट की सेक्सी बॉडी

बिग बॉस 15 विनर और फेमस टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपने शो नागिन को लेकर तो सुर्खियां बटोर ही रही हैं। इसके अलावा वे सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटो शेयर कर अपने फैंस का ध्यान अपनी और खींच रहीं है। अब में तेजस्वी प्रकाश ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। तेजस्वी प्रकाश के पास कपड़ों का इतना शानदार कलेक्शन है कि हर बार वह अपने ग्लैमरस लुक से सभी को चौंका देती हैं। इस बार भी गोल्डन कलर की ड्रेस में एक्ट्रेस की अदाएं देखने लायक है।

तेजस्वी प्रकाश ने गोल्डन थीम पर यह फोटोशूट करवाया है और इसका जिक्र उन्होंने कैप्शन में भी किया है।

अगर बात करें फैशन सेंस की तो एक्ट्रेस हर बार अपने लुक से लोगों की दिलों की धड़कानों को बढ़ा देती हैं। लेटेस्ट फोटोशूट में तेजस्वी प्रकाश इतनी स्टनिंग लग रही हैं कि फैंस के लिए उनकी तस्वीरों से नजरें हटा पाना मुश्किल हो रहा है। हर फोटो में तेजस्वी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिल रही है।



## हर्षिका ने जूही चावला की प्रेमलोक की यादें ताजा की

कन्नड़ अभिनेत्री हर्षिका पूनाचा ने बॉलीवुड अदाकारा जूही चावला के एक गाने को टैग किया है, जिसपर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। हर्षिका ने कन्नड़ फिल्म प्रेमलोक के एक सुपरहिट गाने अपनी फिल्म थायता के लिए रीशूट किया है।

जूही चावला ने कन्नड़ फिल्म उद्योग की सर्वकालिक हिट फिल्म प्रेमलोक के मूल गीत नोदम्मा हुदुगी में अभिनय किया था। फिल्म 1987 में रिलीज हुई थी। कन्नड़ फिल्म उद्योग के शोमैन वी. रविचंद्रन ने फिल्म का निर्देशन, निर्माण और फिल्म में अभिनय भी किया था।



हर्षिका ने जूही चावला को टैग करते हुए लिखा कि मुझे इस गाने में जूही चावला मैम बहुत पसंद हैं।

जूही चावला ने स्माइली इमोजी के साथ जवाब दिया। प्रतिक्रिया मिलने के बाद हर्षिका बहुत खुश थीं। उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री को जबाव देने के लिए धन्यवाद दिया।

फिल्म प्रेमलोक के गानों ने उस समय इतिहास रच दिया था, और आज भी बुजुर्ग और युवा इस गाने का लुत्फ उठाते हैं। 80 के दशक में गाने, लोकेशन और थीम ने मिलकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया था।

## नारियल के तेल से बनाएं ये लिपबाम, होठों को रुखेपन से बचाएंगे



रूखेपन के कारण होंठ फटते हैं और अगर वक्त रहते इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो कई बार होंठ इतने फट जाते हैं कि उनसे खून तक निकलने लगता है। नारियल का तेल एक प्राकृतिक मॉइश्चराइजर है, जो होंठो के रूखेपन को दूर करके इन्हें फटने से बचा सकता है। आइए आज हम आपको नारियल के तेल से तरह-तरह के लिपबाम बनाने के तरीके बताते हैं, जिनके इस्तेमाल से आप अपने होंठो को रूखेपन से बचा सकते हैं।

### नारियल के तेल और पेट्रोलियम जेली का लिपबाम

सामग्री: एक चम्मच नारियल का तेल और एक चम्मच पेट्रोलियम जेली। लिपबाम बनाने का तरीका: सबसे पहले पेट्रोलियम जेली को एक छोटे पैन में गर्म करें या फिर माइक्रोवेव में रखकर पिघलाएं, फिर इसे नारियल के तेल के साथ मिलाएं। अब एक छोटे कंटेनर में इस मिश्रण को डालें और जब यह कमरे के तापमान पर ठंडा हो जाए तो इसे 20-30 मिनट के लिए फ्रीज में रखें। इसके बाद मिश्रण का बतौर लिपबाम इस्तेमाल करें।

### नारियल के तेल और एलोवेरा का लिपबाम

सामग्री: एक बड़ी चम्मच नारियल का तेल, आधी बड़ी चम्मच कारनौबा वैक्स और एक चम्मच एलोवेरा जेल। लिपबाम बनाने का तरीका: सबसे पहले धीमी आंच पर एक छोटा पैन रखें, फिर उसमें कारनौबा वैक्स पिघलाएं। जब यह पिघल जाए तो गैस बंद करके इसे किसी कंटेनर में डालकर कमरे के तापमान पर ठंडा होने दें। इसके बाद इसमें एलोवेरा जेल और नारियल का तेल मिलाएं और इसे कुछ मिनट के लिए फ्रिज में रखने के बाद इस्तेमाल करें।

## पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक हैं ये पेय, रोजाना करें सीमित मात्रा में सेवन

पाचन क्रिया भोजन को पचाकर पोषक तत्वों में बदलती है। ये पोषक तत्व शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ देने में भी सहायक होते हैं। हालांकि, अगर किसी कारण से पाचन क्रिया प्रभावित हो जाए तो इसके कारण अपच और डायरिया जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचाकर पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में कुछ पेय का सेवन काफी मदद कर सकता है। आइए आज ऐसे कुछ पेय के बारे में बताते हैं।



### अदरक की चाय

अदरक में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो गैस्ट्रिक जूस के उत्पादन को उत्तेजित करके हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन को तोड़ने और पाचन को बढ़ावा देने में मदद करती है। यहीं नहीं, अदरक में मौजूद गुण पेट की ऐंठन, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में भी मदद कर सकते हैं। इन लाभों के लिए एक कप अदरक वाली चाय का सेवन करें।

### कैमोमाइल चाय

एंटी-स्पास्मोडिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर कैमोमाइल चाय का सेवन भी पाचन को दुरुस्त करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, कैमोमाइल चाय एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे कई पोषक गुणों से समृद्ध होती है, इसलिए इसका सेवन कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लाभ देने में सहायक है। इसलिए रोजाना एक कप कैमोमाइल चाय का सेवन जरूर करें। ध्यान रखें कि एक दिन में एक कप चाय पीना ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

### नारियल पानी

अगर आप रोज सुबह खाली पेट नारियल पानी का सेवन करते हैं तो इसका पाचन क्रिया पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक शोध के मुताबिक, नारियल पानी के सेवन से कब्ज, हैजा और अन्य पाचन संबंधी दिक्कतों को दूर किया जा सकता है।

# खेल

दुनिया को मिलेगा लाल बजरी का बादशाह

## नडाल जीते तो सबसे ज्यादा 14वीं बार फ्रेंच ओपन जीतेंगे, यदि नहीं तो नया चैंपियन मिलेगा

पेरिस। आज दुनिया को फ्रेंच ओपन का चैंपियन मिल जाएगा। रविवार को शाम 6-30 बजे से होने जा रहे मैंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-5 राफेल नडाल और नंबर-8 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे।




यदि स्पेन के नडाल यह फाइनल जीतते हैं, तो वे सबसे ज्यादा 14वीं बार फ्रेंच ओपन खिताब जीतेंगे और यदि नार्वे के 23 साल के कैस्पर रूड इस मुकाबले को जीतने में सफल रहे, तो दुनिया को नया चैंपियन मिलेगा। वे पहली बार साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। बता दें कि एक दिन पहले इगा स्वियातेक ने विमेन सिंगल्स का खिताब जीता था। उन्होंने अमेरिका की कोको गाफ को 6-1, 6-3 से हराया था। इगा ने लगातार 35वां मुकाबला जीता था। लाल बजरी के राजा कहे जाने वाले राफल नडाल के पास यहां करियर का 22वां ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का मौका होगा। इस जीत के साथ ही 35 साल के नडाल सबसे ज्यादा खिताब जीतने के मामले में वर्ल्ड नंबर-1 नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर से दो पायदान की दूरी बना लेंगे। जोकोविच और नडाल ने 20-20 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। नडाल ने अब तक सबसे ज्यादा 21 ग्रैंड स्लैम जीते हैं।

नडाल का करियर रिकॉर्ड
फ्रेंच ओपन- 13
यूएस ओपन - 4
ऑस्ट्रेलियन ओपन- 2
विंबलडन - 2

### पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे कैस्पर रुड

23 साल के कैस्पर रूड के पास यह ग्रैंड स्लैम जीतने का कठिन मौका होगा। वे पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला खेलने के लिए उतरेंगे और उनका सामना इस कोर्ट के राजा राफेल नडाल से होगा।

## केएल राहुल के नेतृत्व वाली टीम से कड़े मुकाबले की उम्मीद : बावुमा



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने आगामी पांच मैचों की सीरीज के लिए भारत की टी20 टीम को ए या बी के रूप में देखने की बात को खारिज करते हुए कहा कि वे केएल राहुल के नेतृत्व वाली टीम से कड़े मुकाबले की उम्मीद कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ जून से शुरू होने वाली सीरीज के लिए भारत में नियमित कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। चोट के कारण मेजबान टीम के पास हरफनमौला दीपक चाहर, रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी नहीं हैं।

बावुमा ने कहा, हम वास्तव में मेजबान टीम को ए या बी टीम के रूप में नहीं देखते। इसलिए, खेल के मामले में हम अभी भी हमेशा की तरह प्रेरित रहेंगे और कड़ी प्रतिस्पर्धा देंगे। बावुमा ने आगे कहा, ये खिलाड़ी ही हैं जो कड़ी मेहनत कर बेहतर क्रिकेट खेलते हैं। इसलिए, चाहे रोहित शर्मा हों या विराट कोहली, भारतीय खिलाड़ियों की मुकाबले की भावना अभी भी बनी रहेगी। हम इसे आसानी से लेने की उम्मीद नहीं करते हैं और हमें पता है कि यह सीरीज कठिन होगी।

### एक नजर

## टेवेज कोचिंग में हाथ आजमाने के लिए तैयार

**ब्यूनस आयर्स ।** कार्लोस टेवेज ने पुष्टि की है कि वह आधिकारिक तौर पर संन्यास लेने के सात महीने बाद कोचिंग में अपना हाथ आजमाएंगे। 38 वर्षीय टेवेज ने शनिवार को खुलासा किया कि वह अपने कोचिंग बैज प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं और उन्होंने खुद को एक शीर्ष क्लब को कोचिंग देने की घोषणा कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार, टेवेज ने अर्जेंटीना के टेलीविजन कार्यक्रम एनिमल्स सुएल्टोस को बताया, मैंने फैसला किया कि मैं एक प्रबंधक बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अब कोचिंग देने के लिए तैयार हूं। मैं सीख रहा हूं कि कैसे संवाद करना है। यह ऐसी चीज है जिसके लिए मुझे तैयारी करनी है। मैं किसी पुराने क्लब के साथ किसी पद को नहीं लेने जा रहा हूं। मुझे खिलाड़ियों को जिताने के लिए उनकी मदद करनी होगी। बोका जूनियर्स, कोरिंथियंस, वेस्ट हैम, मैनचेस्टर यूनाइटेड, मैनचेस्टर सिटी, जुवेंटस और शंघाई शेनहुआ के करियर के बाद टेवेज ने पिछले नवंबर में अपनी संन्यास की घोषणा की।

अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के लिए वह 76 मैच खेले हैं और उन्होंने 13 गोल किए।

## टी20 और वनडे मैचों में एगार को मिलेंगे कई मौके: फिंच

**कोलंबो ।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 और वनडे के कप्तान एरोन फिंच ने संकेत दिया है कि स्पिन ऑलराउंडर एश्टन एगार को श्रीलंका दौरे पर सफेद गेंद के मैचों में खेलने के कई मौके मिलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जाम्पा के मुख्य स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के रूप में उभरने के साथ संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने विजयी अभियान में इंग्लैंड के खिलाफ मैच को छोड़कर एगार के लिए पिछले साल प्लेइंग इलेवन में जगह बनाना मुश्किल था।

लेकिन जाम्पा अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण श्रीलंका दौरे के लिए अनुपस्थित हैं। इसलिए एगार कोलंबो और पल्लेकेले में तीन टी20 और पांच वनडे मैचों के लिए स्पिन विभाग का काम संभालेंगे।

फॉक्स स्पोर्ट्स ने फिंच के हवाले से कहा, उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में साबित कर दिया है कि वह टी20 प्रारूप में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक गेंदबाज हैं। उन्हें निश्चित रूप से इस दौरे पर भूमिका निभाने के बहुत सारे अवसर मिलेंगे।

फिंच ने यह भी पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया अपने चार सदस्यीय गेंदबाजी आक्रमण पर कायम रहेगा, कुछ ऐसा जिसने उन्हें टी20 विश्व कप में सफल बनाया था।

उन्होंने आगे कहा, हमें लगता है कि यह टी20 क्रिकेट के लिए वास्तव में यह अच्छी टीम है, क्योंकि हमारे पास अभी भी सात वास्तविक बल्लेबाज हैं। ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल एक फ्रंटलाइन स्पिनर, ऑलराउंडर मिच मार्श और मार्कस स्टोइनिस अच्छे खिलाड़ी मौजूद हैं। वहीं, फिंच ने ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने की संभावना का संकेत दिया। ऑस्ट्रेलिया ऐसे समय में श्रीलंका का दौरा कर रहा है जब आर्थिक और राजनीतिक संकट के कारण द्वीप राष्ट्र भारी संकट से गुजर रहा है। कोलंबो में तीन दिनों के क्वोरंटीन के बाद, ऑस्ट्रेलिया इस साल पाकिस्तान की यात्रा की तुलना में कड़े कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत नहीं खेलेगा।

8 रन पर आउट हो गई पूरी टीम

## विमेंस अंडर-19 टी-20 मैच में नेपाल की 6 बल्लेबाज जीरो पर आउट, UAE ने 7 बॉल में मैच जीत लिया

मलेशिया में महिला टी-20 अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर का मैच नेपाल और UAE के बीच खेला गया। मैच में नेपाल की टीम सिर्फ 8 रन पर आउट हो गई। UAE की टीम ने सिर्फ 7 बॉल में मैच जीत लिया। UAE की तेज गेंदबाज माहिका गौर ने सबसे ज्यादा 5 विकेट अपने नाम किए। माहिका ने दो ओवर मेडन भी डाले। उन्होंने मैच में सिर्फ 2 रन दिए।



नेपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी, लेकिन टीम के 6 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। 20 ओवर के मैच में पूरी टीम 8.1 ओवर में ही पवेलियन लौट गई।

मैच एक घंटे तक भी नहीं चला और महज 9.2 ओवर में ही खेल खत्म हो गया। दोनों टीम में से कोई भी खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को छू नहीं सका। UAE के लिए तीर्थ सतीश ने सबसे ज्यादा नाबाद चार रन बनाए। नेपाल की तरफ से स्नेह महाराज ने सबसे ज्यादा 3 रन बनाए, वह दस बॉल खेल पाईं। महिला टी-20 क्रिकेट में दो बार टीमें 6 रन पर ऑलआउट हो चुकी हैं। पहली बार ये रिकॉर्ड माली की टीम के नाम आया था। क्रिबुका महिला टी-20 टूर्नामेंट में माली की टीम सिर्फ 6 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी।

## अफगानिस्तान वर्ल्ड कप सुपर लीग में तीसरे नंबर पर पहुंची

अफगानिस्तान ने जीत के साथ भारत और वेस्टइंडीज दोनों को पछाड़ा

अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 60 रन से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बागे हो गई है। इसके ही वर्ल्ड कप सुपर लीग टेबल में भारत और वेस्टइंडीज को पीछे छोड़कर तीसेर नंबर पर पहुंच गई है। अफगानिस्तान के 80 अंक हो गए हैं। वहीं वेस्टइंडीज के भी 80 अंक है, पर रनरेट के हिसाब से अफगानिस्तान बेहतर है। वहीं भातर 79 अंक के साथ पांचवे स्थान पर है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी 5 विकेट पर 276 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 216 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 38 रन के स्कोर पर दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। रहमातुल्लाह गुरबज 17 और इब्राहिम जादरान 5 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद रहमत शाह और कप्तान हस्मातुल्लाह शाहिदी ने टीम को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन की बड़ी साझेदारी की। रहमत ने 120 गेंद का सामना किया और 94 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौका और 3 छक्का भी जड़ा। वहीं शाहिदी ने 104 गेंद पर 88 रन की पारी खेली। जिसमें 13 चौका भी शामिल है।


अफगानिस्तान ने वनडे सीरीज में जीत के साथ आगाज किया

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में चला विशेष सफाई अभियान

## विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

गौरेला पेंड्रा मरवाही । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिले में विशेष सफाई अभियान चला। विधायक डॉक्टर के के ध्रुव, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।



पर्यावरण दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में विशेष सफाई अभियान के तहत शाला परिसर, पंचायत कार्यालय परिसर, आंगनबाड़ी सहित नदी, तालाब, स्टॉप डेम, पेयजल स्त्रोतों के आसपास सफाई किया गया। इसके साथ ही कचरा एवं प्लास्टिक इकट्ठा किया गया।


विधायक डॉ. ध्रुव ने मरवाही जनपद कार्यालय परिसर तथा ग्राम पंचायत मरवाही के कोसमाही तालाब में और कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगर पंचायत गौरेला के बांधामुड़ा तालाब में श्रमदान किया। विधायक डॉक्टर ध्रुव ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन हम सबकी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से धरती को हरा भरा बनाने के लिए अपना योगदान देने कहा। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए स्वच्छता, शुद्ध हवा और पर्यावरण का संतुलन बहुत जरूरी है। कलेक्टर ने बांधामूडा तालाब परिसर में व्यवस्थित रूप से वृक्षारोपण करने तथा तालाब में नियमित साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने नगर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए मिशन क्लीन सिटी के तहत प्रत्येक वार्ड और व्यवसायिक परिसरों से डोर टू डोर कचरा संग्रहण करते हुए सूखे और गीले कचरे का नियमित संकलन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रत्येक माह किसी एक वार्ड का चयन करके लोगों को उचित कचरा प्रबंधन के लिए जागरूक करने कहा।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों को प्लास्टिक का उपयोग ना करने, साफ सफाई रखने और पौधरोपण करने के लिए जागरुक किया गया। पर्यावरण संरक्षण के तहत जिला पंचायत (डीआरडीए) के परियोजना निदेशक श्री आरके खूटे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र पैकरा, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों और जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच, पंच, स्व सहायता समूह की महिलाएं, स्वच्छता दीदी, सचिव, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया साथ ही पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की शपथ भी ली गई।

## एक नजर

### बिलासपुर के मिनी मैराथन में सांसद अरुण साव, योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह व अभिनेता अखिलेश पांडे ने धावकों को किया प्रेरित



**बिलासपुर** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिलासपुर में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया इस दौरान बिलासपुर के सांसद अरुण साव ने मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वस्थ रहने के लिए क्या-क्या करना चाहिए बताया इनके अलावा योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह ने धावकों को प्रेरित किया इस दौरान अभिनेता अखिलेश पांडे ने धावकों के साथ मिलकर जुंबा भी किया और उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि कैसे जीवन में आगे बढ़ा जाए इस संदर्भ में जब हमने अभिनेता अखिलेश पांडे से बात की तब उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यह एक शानदार आयोजन है और ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक निशांत वर्मा व शुभआशीष मोइत्रा को बधाई दी और कहा कि यह बहुत ही शानदार आयोजन रहा है और ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहने चाहिए जिससे कि प्रतिभाओं को मौका मिलता रहे और वह सभी अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला सकें इस दौरान विकू भाटिया, जीवन मिश्रा अभिषेक गौतम आदि उपस्थित रहे।

### सांसद बैज व विधायक बेंजाम हुए माँ हिंगलाजिन के वार्षिक जात्रा में शामिल



**जगदलपुर।** बस्तर सांसद दीपक बैज व चित्रकुट विधायक राजमन बेंजाम बास्तानार के ग्राम मुतनपाल में माँ हिंगलाजिन के वार्षिक जात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद बैज व विधायक बेंजाम ने माँ हिंगलाजिन की पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया, साथ ही बस्तर सहित क्षेत्र के सुख, समृद्धि व खुशहाली हेतु कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुजारी समलु बघेल, चन्द्र शेखर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि दिनेश ठाकुर, वीरसिंह ठाकुर, सुंदर सोढ़ी, शंकर दास, दुलगो पोयम, मोहन मंडावी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### अश्लील हरकत करते पाए गए शिक्षक और शिक्षिका,दोनो निलंबित

**राजनांदगांव** । छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के एक हॉस्टल में रंगरेलियां मनाते एक शिक्षक और शिक्षिका रंगे हाथ पकड़े गए। इसकी जानकारी मिलने पर शिक्षा अधिकारी ने जांच रिपोर्ट के बाद दोनों को निलंबित कर दिया है। मामला जिले के बलदेवबाग स्थित बालिका छात्रावास का है। मिली जानकारी के अनुसार बलदेवबाग स्थित बालिका छात्रावास के एक कमरे में अनुसूचित जनजाति परियोजना बालिका छात्रावास की अधीक्षिका और नंदई स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के हॉस्टल अधीक्षक 20 मई को रंगरेलियां मनाते पकड़ा गए थे। दोनों स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक और शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं, जो हॉस्टल अधीक्षक का प्रभार संभाल रहे हैं। दोनों के अय्याशी की सूचना मिलने पर शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद दोनों को निलंबित कर दिया है।

### गुब्बारा छोड़कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भिलाई** । नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहरी गौठान कोसानगर में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद की सदस्य तथा उद्यान एवं पर्यावरण विभाग की प्रभारी नेहा साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग के प्रभारी चंद्रशेखर गवई, वाहन विभाग के प्रभारी लालचंद वर्मा एवं पार्षद रविशंकर कुर्रे ने गुलमोहर, महानीम, कदंब, बादाम, स्टोपीडिया एवं ताबुदियारोजा जैसे किस्मों के पौधे रोपित किए।

# अवैध परिवहन करते वाहनों पर खनिज जांच दल की कार्रवाई, 05 वाहन जब्त

जगदलपुर। जिला खनिज जांच दल द्वारा कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर 03 जून एवं 04 जून को जिले के जगदलपुर, परपा, घोटिया बस्तर एवं नगरनार क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया।





जानकारी देते हुए प्रभारी खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान तीन वाहनों का रेत के अवैध परिवहन तथा चूना पत्थर का दो वाहनों द्वारा अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर परिवहनकर्ताओं पर खनिज का अवैध परिवहन प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें हाईवा क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 2590, टिप्पर क्रमांक सीजी 17 एच 2787 व टिप्पर क्रमांक ओडी 10 ए 3972, हाईवा क्रमांक सीजी 17 एच 2730, टिप्पर क्रमांक सीजी 17 एच 1699 को जब्त करने की कार्रवाई की गई। इन सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है, अतएव अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध पुनः इसी प्रकार कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा निरन्तर जांच की जा रही है।

# नाली में उगे पीपल को नई जिंदगी दे रही बिलासपुर की आकृति

### एनएसएस की स्वयंसेवक हिंदू शास्त्र में पीपल की मान्यता को लेकर पाठ भी पढ़ा रहे हैं

**बिलासपुर** । गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वंयसेवक आकृति ताम्रकर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल से सभी को हैरान किया है। आकृति नाली या तालाब या किसी दीवार पर उगे पीपल के पौधों को एकत्र कर नई जिंदगी दे रही हैं। घरों में पूजा करने या दोस्तों को उपहार के रूप में संरक्षित करने वितरण कर रही है। हिंदू शास्त्र में पीपल की मान्यता को लेकर पाठ भी पढ़ा रही है।



आकृति ने अब तक 200 से अधिक पीपल के पौधों को नई जिंदगी दी हैं। उसका कहना है कि हिंदू धर्म में पीपल और बरगत पूजनीय है। नाली या किसी ऐसे जगह जहां इनके पौधों के जीवित रहने की संभावना कम होती है, उसे वहां से निकालकर खाली जमीन में रोंपती हैं। ताकि वह पौधा बड़ा होकर समाज को आक्सीजन प्रदान करता रहे। उसका यह भी कहना है कि वेदों में भी पीपल के पेड़ को पूजनीय कहा गया है। इसके मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु और अग्रभाग में शिव का वास बताया गया है। स्कंद पुराण में कहा गया है कि पीपल के मूल में विष्णु, तनों में केशव, शाखाओं में नारायण, पत्तों में श्रीहरि और फलों में सभी देवताओं के साथ अच्युत भगवान निवास करते हैं।

### इसलिए कर रहीं पीपल को संरक्षित

पीपल के पेड़ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह 24 घंटे आक्सीजन देता है। लकड़ी यज्ञ में प्रयोग की जाती है। वृक्ष का सिर्फ धर्म और पुराणों में नहीं बल्कि विज्ञान में भी काफी महत्व है। प्रकृति विज्ञान के अनुसार पीपल का वृक्ष दिन-रात आक्सीजन छोड़ता है जो हमारे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है।

# कुरूद पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देश पर कुरूद पुलिस द्वारा कि गई त्वरित कार्यवाही

**धमतरी** । सक्षिप्त विवरण दिनांक 02.06.22 को प्रार्थी कुलेश्वर पटेल पिता अलख राम पटेल उम्र 23 वर्ष ग्राम कुर्रा थाना कुरूद अपने चाचा के साथ जिला सहकारी बैंक मरोद आए थे बैंक के काम के बाद दोपहर में देशी शराब दुकान कुरूद में शराब खरीदने काउंटर तरफ जा रहे थे उसी समय आरोपी मिथुन सतनामी एवं कमल सतनामी द्वारा मेरे लिए भी शराब खरीदो करके बोले जिस पर प्रार्थी द्वारा मना करने पर दोनों आरोपी मां बहन के अश्लील गाली गलौज कर आरोपी मिथुन सतनामी अपने पास रखें धारदार हथियार चाकू से प्रार्थी को चोट पहुंचाया की रिपोर्ट पर अपराध क्र.370/22 धारा-294, 323, 506,324 ,327,34 भादवि0 कायम किया गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर के द्वारा संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर अनु.अधिकारी पुलिस कुरूद अभिषेक केशरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रणाली वैध द्वारा आरोपी को पकड़ने तत्काल टीम रवाना किया।

# बिलासपुर रेलवे परिक्षेत्र में हरियाली से छांव, शहर से दो-तीन डिग्री कम रहता है वहां का तापमान

**बिलासपुर** । मालगाड़ी व ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के साथ रेलवे पर्यावरण संरक्षण में भी विशेष भूमिका निभा रही है। इसका अनुमान रेलवे क्षेत्र की हरियाली से लगाया जा सकता है। तारबाहर चौक से रेलवे स्टेशन या हेमू नगर या फिर किसी भी हिस्से में चले जाइए एक अलग सुकून मिलेगा। यह उन विशाल पेड़ों की देन है, जिन्हें रेलवे बरसों से सहेजकर रखा है। पौधे से पेड़ बनने तक देखभाल या सुरक्षा में कोई कमी नहीं छोड़ी। यही वजह है कि रेलवे क्षेत्र का तापमान शहर की अपेक्षा दो से तीन डिग्री कम ही रहता है।



रेलवे परिक्षेत्र काफी बड़े दायरे में फैला हुआ है। स्टेशन इस पार लगभग 100 एकड़ और उस पार 40 एकड़ क्षेत्र है। यहां बड़ी-बड़ी कालोनियां के अलावा मंडल व जोन के कार्यालय और सभी विभागों के अलग-अलग कार्यालय भी हैं। इन बिल्डिंगों के निर्माण के दौरान हरियाली को नुकसान हुआ, लेकिन बहुत कम। इसी का नतीजा है कि रेलवे क्षेत्र का हर हिस्सा हरियाली से परिपूर्ण है। स्टेशन उस पार तो एक या दो नहीं, बल्कि एक दर्जन से अधिक आक्सीजोन हैं। तारबाहर चौक से रेलवे सीमा शुरू हो जाती है। हरियाली व सुकून का अहसास सीमा प्रारंभ होते ही होने लगता है। अफसरों के बंगालों में भी हरे-भरे हैं। रेलवे पर्यावरण को विशेष महत्व दे रही है। जबकि शहर की बात करें तो विकास के नाम तारबाहर चौक से लेकर राजेंद्रनगर चौक हरियाली पर इतनी बेदर्दी से कुल्हाड़ी चली कि इन सड़कों पर ढूंढने से भी पेड़ों की छांव नहीं मिलती है।

जबकि कटाई के समय ही यह योजना बनाई गई थी की एक पेड़ कटेंगे तो बदले में 10 पौधे लगाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रेलवे क्षेत्र की हरियाली की वजह से कई बार ऐसा हुआ की रेलवे क्षेत्र में जमकर बारिश हो रही हो और शहर सूखा रहा।

# कलेक्टर ने शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में शिक्षा विभाग की ली बैठक

### जिले के सभी विद्यालयों में 16 जून को मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के सभी विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में आज बैठक ली है। कलेक्टर ने 16 जून को सभी विद्यालयों में विधिवत शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन करते हुए बच्चों को किताब, स्कूल ड्रेस का वितरण भी शाला प्रवेशोत्सव के दिन करने के निर्देश दिए है।



कलेक्टर ने जिले के ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को अपने अपने ग्राम पंचायतों में व्यवस्थित रूप से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 10 जून तक सभी विद्यालयों मे साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए तथा जिले में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करके उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाए जाने कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सिकल सेल, एनीमिया आदि का जांच करते हुए प्रत्येक मंगलवार को आयरन फोलिक एसिड खिलाए जाने कहा, जिससे बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या पाए जाने पर निश्चित समय पर उनका उपचार किया जा सके। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विद्यालयों के लिए आवश्यक मरम्मत कार्यों को भी 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पैकरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा का हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारंभ

### प्रदेश में नई हवाई सेवाओं को शुरू करने किए जा रहे हैं, हरसंभव प्रयास- भूपेश बघेल

**बिलासपुर** । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर को एक बड़ी सौगात देते हुए कांकेर से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा से बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ किया। बघेल ने चकरभाठा में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होकर विमान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। समारोह की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं बिलासपुर के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नई हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य शासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के लगातार प्रयासों से पिछले साढ़े तीन वर्षों में रायपुर के साथ-साथ जगदलपुर और बिलासपुर से नई हवाई सेवाएं प्रारंभ हुई हैं। बिलासपुर और जगदलपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा के साथ सभी मौसम में विमान सेवा के संचालन के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। कोरबा में व्यावसायिक एयरपोर्ट के साथ कोरिया में नई हवाई पट्टी के विकास की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसी तरह अम्बिकापुर में 43 करोड़ रूपए की लागत से एयरपोर्ट रनवे का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ जगदलपुर, बिलासपुर और अम्बिकापुर एयरपोर्ट में आटोमेटेड एटीसी उपकरण स्थापित किए गए हैं। ताकि इन एयरपोर्टों में किसी भी समय विमानों और हेलीकॉप्टर की लैंडिंग हो सके।







**पिछले साढ़े तीन वर्षों में जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट से शुरू हुई नियमित विमान सेवाएं**

**बिलासपुर और जगदलपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सुविधा सहित किए जा रहे हैं जरूरी इंतजाम**

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस मौके पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, सांसद अरुण साव, संसदीय सचिव डॉ रश्मि आशीष सिंह, विधायक शैलेश पांडेय, रजनीश सिंह, बिलासपुर महापौर रामशरण यादव, जिला पंचायत बिलासपुर अध्यक्ष अरुण चौहान सहित कलेक्टर बिलासपुर डॉ. सारांश मित्तर, एसपी बिलासपुर श्रीमती पारूल माथुर और एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री एन.वीरेन सिंह उपस्थित थे। आज से शुरू हुई पहली बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट में 50 यात्री रवाना हुए। इस प्लेन के पायलट भास्कर पंत और को-पायलट सुश्री ऋचा परिहार है। मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा के शुरू होने पर बिलासपुर सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# विश्व पर्यावरण के असवर पर आज झीरम मेमोरियल शहीद स्मारक में किया गया वृक्षारोपण

## संसदीय सचिव, महापौर, निगम सभापति, सीईओ जिला पंचायत सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने लगाए पौधे







जगदलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज शहर के लालबाग मैदान स्थित झीरम मेमोरियल शहीद स्मारक में नगर पालिका निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के आला अधिकारियों सहित उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन ,महापौर श्रीमती सफीरा साहू, नगर निगम के सभापति श्रीमती कविता साहू सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, आयुक्त नगर निगम प्रेम पटेल, एसडीएम श्री दिनेश नाग एवं उपस्थित लोगों ने पौधा लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया।

इस असवर पर संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन ने पर्यावरण की संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वृक्षों की महत्व की जानकारी देते हुए वृक्ष लगाकर उनके सुरक्षा के उपाय भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जीवन की रक्षा के लिए जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस की उपलब्धता नितांत आवश्यक है, जो हमे वृक्षों से प्राप्त होती है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनका संरक्षण व संवर्धन करें। महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने कहा कि मनुष्य सहित समुचे जीव जगत की रक्षा के लिए शुद्ध पर्यावरण एवं पेड़, पौंधों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि केवल पेड़ लगा देने भर से हमारे कर्तव्यों की ईतिश्री नहीं हो जाती वरन हम सभी को पेड़ों की रक्षा की दायित्व भी उठाना होगा। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति श्रीमती कविता साहू पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़, पौंधों की महत्व की जानकारी देते हुए सभी लोंगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उनके सुरक्षा भी सुनिश्चित करने की अपील की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास ने उपस्थित लोंगों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षों के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि के खतरों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके सुरक्षा के उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस असवर पर शिक्षा विभाग के द्वारा शहर के स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा पर आधारित आकर्षक एवं सुन्दर चित्र बनाया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लेते हुए उपस्थित लोगों को पौंधा भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षदों एवं जन प्रतिनिधियों के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## लालबाग पुलिस के गिरफ्त में आया जंगली सुअर का हत्यारा



**राजनांदगांव।** रविवार को प्रातः 08-30 बजे मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम कोटगसरार में कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध धन लाभार्जन के उद्देश्य से बिजली करंट से जंगली सुआर की हत्या किया गया है तथा उसके मांस को विक्रय करने के फिराक में है, उक्त घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक राजनादगांव संतोष सिंह एवं अति0 पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय को अवगत कराते हुये, प्राप्त दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर सूचना तस्दीकी हेतु टीम रवाना किया गया, जिनके द्वारा ग्राम कोटरासरार में जाकर पता करने पर पता चला कि आरोपीगण (1) रामा निषाद पिता अमोली राम निषाद उम्र 32 वर्ष (2) भोजतात साहू पिता तुलसीराम साह उम्र 33 वर्ष, (3) प्रीतम सिन्हा पिता जीवनलाल सिन्हा उम्र 21 वर्ष, (4) राजेन्द्र यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 25 वर्ष सभी निवासी ग्राम कोटरासरा थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव के कब्जे से करीबन 25 किलो ग्राम जंगली सुअर का मांस समक्ष गवाहन बरामद कर उक्त मांस को वन विभाग राजनांदगांव के सुपुर्द किया गया है तथा आरोपियों के विरूद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है।

## कोंडागांव के विकास में नहीं छोडेंगे कोई कसर-मोहन मरकाम

### दो दिवसीय विधानसभा दौरे में क्षेत्रवासियों को दी करोड़ों के निर्माण कार्यों की सौगात



**कोंडागांव।** कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने 29 जून 2020 को आज ठीक तीन वर्ष पूर्व एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद सौंपा था मोहन मरकाम ने संगठन के कार्यों में लगातार अपनी सक्रियता दिखाई और पुरे भारत देश के प्रदेश अध्यक्षों में अपनी पहचान अलग बनाई ज्ञात हो मोहन मरकाम के अध्यक्ष बनने के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सभी चुनाव पर विजय श्री हासिल किया है चाहे पंचायत चुनाव हो नगरीय निकाय हो या दंतेवाड़ा चित्रकूट मरवाही खरसिया का विधानसभा उपचुनाव हो सभी में सत्ता और संगठन के बिच अच्छे तालमेल के साथ अच्छा प्रदर्शन दिखाया है इसके साथ ही संगठन के सदस्यता अभियान में ऑनलाइन हो या ऑफलाइन दोनों में ही छत्तीसगढ़ पुरे देश में अव्वल रहा है मोहन मरकाम संगठन के इन सभी कामों के साथ अपने विधानसभा को विकास के आयाम तक पहुंचाने कोई कसर नहीं छोड़ते हाल ही में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के कोंडागांव प्रवास के दौरान लगभग डेढ़ सौ करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी थी उसके बाद भी मोहन मरकाम लगभग हर सप्ताह विधानसभा क्षेत्र के दौरे में किसी न किसी गांव पहुंच लाखों करोड़ों के कार्यों को गति देते हैं कहीं भूमिपूजन तो कहीं लोकार्पण के माध्यम से जनता की मांगों को प्रमुखता से लेते हुए जमीनी हकीकत में तब्दील करते हैं और कहते हैं हमें जनता ने क्षेत्र के विकास के लिए चुना है हम क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडेंगे।क्रमिक दो दिवसीय विधानसभा दौरे में भाटगांव, राकसबेड़ा, तोरोन्डी, धारली में सीसी सड़क भूमिपूजन व ग्राम पंचायत मिर्मिंडा में पंचायत भवन लोकार्पण एवं पुलिया भूमिपूजन,बागबेड़ा में सांस्कृतिक भवन भूमिपूजन एवं उपस्वास्थ्य केंद्र लोकार्पण मांझीभोरंड में सामुदायिक भवन भूमिपूजन के सहित करोड़ों के कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया गया दो दिवसीय कार्यक्रम में विधायक सह पीसीसी प्रमुख मोहन मरकाम के साथ विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय जनपद सदस्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे ।



## भारत स्काउट गाइड ने विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे पौधे

### शांति फाउंडेशन का मिला विशेष सहयोग





**कोण्डागांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के मंशानुरूप तथा पदेन संरक्षक एवं जिला कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश नेताम, जिला मुख्य आयुक्त बंगाराम सोढ़ी के मार्गदर्शन एवं जिला सचिव चमन लाल सोरी, जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू , एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का.) श्याम लाल कोर्राम, के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव ने विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर विभिन्न संस्थाओं में पौधारोपण किया गया 7 जिसमें मुख्य रूप से डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोवर क्रु विश्रामपुरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहिकोंगा तथा शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब-बुलबुल के छात्र-छात्राएं कब-मास्टर पवन साहू के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि श्रीमती किरण उसरे आर.एच.ओ. एवं विशिष्ट अतिथि कुमारी हेमलता पटेल सी.एच.ओ. हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बड़ेबेंदरी तथा कब-बुलबुल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारी पारा बड़ेबेंदरी शाला परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## जिले में चलाए जा रहे निजात अभियान की मुस्लिम समाज ने की प्रशंसा

राजनांदगांव। जिले में चलाये जा रहे अभियान निजात के तहत नारकोटिक्स-ड्रग्स के विरूद्ध कार्यवाही के साथ साथ अवैध शराब पर रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने मुस्लिम समाज प्रमुखों से सौजन्य मुलाकात की।




पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संतोष सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयुसीएडब्ल्यू) श्रीमती सुरेशा चौबे, उप पुलिस अधीक्षक (आईयुसीएडब्ल्यू) श्रीमती नेहा वर्मा से सौजन्य मुलाकात किये। मुलाकात के दौरान समाज के लोंगो ने पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान की प्रशंसा कर समाज के हाजी तनवीर अहमद ने कहा कि मुस्लिम ग्रंथों में हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने लगभग 1450 साल पहले नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे को मुसलमानों के लिए हराम करार दिया है, और नशे पर पाबंदी लगा दी थी। नशे के विरुद्ध पूरा मुस्लिम समाज सभी तरीके से आपके अभियान के साथ है। मुस्लिम समाज के राजा खान ने कहा कि पूरी वालंटियर आपके अभियान के साथ रहेगी। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में निजात अभियान के तहत अवैध नशा के खिलाफ जिले में तीन चरणों में यह अभियान चलाया जा रहा है जो एक व्यापक जन-जागरूकता, दो-पुलिस कार्यवाही और तीन-नशे के आदी लोगों की काउसिलिंग व पुनर्वास में मदद-शामिल हैं।

## एक नजर

### पुलिस थाना फरसगांव में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**फरसगांव।** पुलिस विभाग फरसगांव के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण करने एवं वृक्ष को बचाने के बारे में थाना स्टाफ को बताया गया थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह ने कहा कि पहले फरसगांव में अत्यधिक वन थे जिसके कारण प्राकृतिक हवा भी अत्यधिक थी आज के संसाधनों की आवश्यकता भी नहीं पड़ती थी. परंतु धीरे-धीरे पेड़ कटने की वजह से आज हमें इन बाहरी संसाधनों की आवश्यकता अधिक लगती है इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और स्वयं को सुरक्षित करना चाहिए। हम सबको पेड़ पौधे संरक्षित कर पर्यावरण को संतुलित करना है देश में ऑक्सीजन की कमी ना हो इसके लिए सबको अभी से सचेत रहना होगा पर्यावरण के असंतुलित होने से समस्या बढ़ सकती है. इसलिए अधिक से अधिक पौधा लगाना है इस अवसर पर फरसगांव थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह व थाना स्टाफ उपस्थित रहे ।

### विश्व पर्यावरण के असवर पर एनसीसी कैडेटों ने आम लोगों को दिया पर्यावरण की रक्षा का संदेश




**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के असवर पर आज छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन परचनपाल के अधीनस्थ एनसीसी संचालित संस्था शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जगदलपुर के कैडेटों द्वारा आम लोंगों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया गया। छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल संजय चावला ने बताया कि ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर ए. के. दास के दिशा निर्देशों के तहत आज एनसीसी कैडेटों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेटों ने रैली निकालकर आम लोंगों को अधिक से अधिक पौंधे लगाकर उनके सुरक्षा तथा पर्यावरण की रक्षा हेतु के सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने की अपील की।

### फरसगांव हाई स्कूल मैदान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का कल होगा समापन



फरसगांव और धमतरी की टीम के मध्य होगा फाइनल मैच

**फरसगांव।** यूथ स्पोर्ट्स क्लब फरसगांव के तत्वाधान में नगर के हाईस्कूल मैदान में रात्रिकालीन क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 मई को किया गया है जिसका समापन 6 जून को मुख्य अतिथि संतराम नेताम केशकाल विधायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में फाइनल मैच के बाद समापन किया जाएगा। धमतरी व वाईएससी फरसगांव की टीम के माध्यम होगा फाइनल मैच इस प्रतियोगिता में बालोद, गरियाबंद, कांकेर, धमतरी, नारायणपुर, कोंडागांव, जगदलपुर, राजनांदगांव , रायपुर व अन्य जिले के साथ साथ ओडिसा की टीम ने भी भाग लिया, इस प्रतियोगिता में एक पुल से धमतरी की टीम और दूसरे पुल से फरसगांव वायएससी फरसगांव की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है इस प्रतियोगिता का समापन 6 जुन सोमवार की रात को किया जाना है इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा एवं द्वितीय पुरस्कार पचास हजार रूपय फरसगांव नगर पंचायत के अध्यक्ष गणेश दुग्गा के द्वारा दिया जा रहा है , साथ ही कांग्रेस कमेटी प्रदेश महामंत्री रवि घोष द्वारा लाइट डेकोरेशन की व्यवस्था की गई।

# सहारा इंडिया को बचा रही है प्रशासन और रायगढ़ पुलिस - आशीष उपाध्याय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहारा इंडिया को स्वयं प्रशासन और पुलिस ही बचा रही है और इसमें स्वयं छ.ग. सरकार भी शामिल प्रतीत होते है। जब केन्द्र ने अनियमित जमा योजना प्रतिबंध कानून 2019 लागू कर दिया है इसके बावजूद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार इस कानून के लिए अभी तक कोई अधिसूचना जारी नहीं किया है। यह कानून सहारा के विरुद्ध डिपॉजिटर्स के लिए रामबाण है। उक्त बातें जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी कांग्रेस) के जिला अध्यक्ष आशीष उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही हैं। विज्ञप्ति में जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि रायगढ़ में डिपॉजिटर्स ने सहारा के विरुद्ध जूटमिल थाने, सिटी कोतवाली, कोतरा रोड़ और चक्रधरनगर थानों में ढेरों शिकायतें दी हैं परन्तु किसी भी शिकायत पर कोई ठोस कार्यवाही ही नहीं होती है। जिसका सीधा अर्थ है कि पुलिस द्वारा सहारा को संरक्षण हासिल है यही कारण है कि सहारा का मनोबल बढ़ा हुआ है और आज भी पूरे जिले में अवैध रुप से ईनामी चिट फंड की तर्ज पर लोगों को मूर्ख बनाकर रुपया लिया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कहीं भी सहारा के विरुद्ध अपराध दर्ज नहीं किया गया है, जबकि इसके उलट महासमुंद 1, राजनांदगांव 4, दुर्ग में 1 अपराध पंजीबद्ध किया गया है, तो ऐसा क्या कारण है कि जिले की पुलिस डिपॉजिटर्स को थाने से ही लौटा रही है कि कोई अपराध नहीं बनता है, ऊपर से आदेश आने का हवाला देती है। जिसे साफ है कि ऊपर काई है जो सहारा जो सहारा को न केवल बचा रहा है बल्कि जिले में अवैध धन उगाही का अवसर भी दे रहा है। रायगढ़ की जनता यह जानना चाहती है कि वह कौन है जो सहारा को बचा रहा है। जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने कहा है कि पूरे जिले में रायगढ़, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा, महापल्ली, बरमकेला, सारंगढ़, कबीर चौक रायगढ़, ईतवारी बाजार रायगढ़, ढिमरापुर चौक रायगढ़, खरसिया में सहारा इंडिया द्वारा अवैध तरीके से आम लोगों को सहारा इंडिया के प्रमुख ईशारे पर सहारा इंडिया के सोसाइटियों के डायरेक्टर द्वारा सहारा इंडिया में रुपया निवेष को प्रोत्साहित कर रही है। सहारा इंडिया के नाम पर लोगों को अवैध रुप से प्रवंचित कर सहारा सोसायटियों में छोटे छोटे टुकड़ों में रुपया निवेश करवाया जा रहा है। इसके लिए जिस फ ॉर्म का उपयोग किया जाता है उसमें सहारा इंडिया का लोगों लगा हुआ होता है जिससे लोगों को आसानी में मूर्ख बनाकर सहारा इंडिया के नाम पर सहारा सोसाइटियों में रुपया जमा करवा लिया है और अब वर्तमान में मैच्यारिटी समय पूरा हो जाने पर भी रुपया नहीं दे रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने सहारा इंडिया का नॉन बैंकिग लाईसेंस 2015 में ही रद्द कर दिया है तो ऐसी परिस्थिति में सहारा इंडिया का कार्यालय पूरे जिले में भर में किस की अनुमति से खोले जा रहे हैं। जिला प्रशासन इसका संज्ञान क्यों नहीं लेता? जिला प्रशासन स्वयं आगे आकर ऐसे अवैध ऑफिसों को तत्काल प्रभाव से बंद करना चाहिए उनके खाते सीज करना चाहिए। प्रशासन जब लोक हित में ऐसा नहीं करता तो हमें इस बात की शंका करने का पूरा आधार मिलता है जिला प्रशासन सहारा इंडिया के उक्त अपराध को मूक सहमति दे रखी है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा है कि राजनांदगांव जिले में जिला प्रषासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सहारा के खिलाफ चिटफ ंड अधिनियम के तहत् आपराधिक प्रकरण दर्ज कर 15 करोड़ रुपए की रिकव्हरी कर लिया तथ उसके भुगतान का भी ओदश जारी किया है मतलब जहां जहां अपराध दर्ज हो रहे वहां वहां लोगों के रुपए मिल रहे हैं तो रायगढ़ में ऐसा क्यों है कि रायगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस से सहारा को सरंक्षण मिल रहा है। यह नूरा कुश्ती रायगढ़ की जनता देख रही है। अपनी विज्ञप्ति में जोगी कांग्रेस ने कहा इस बात का भी उल्लेख किया है कि अभी कुछ दिन पूर्व डिपॉजिटर्स ने जिलाधीश रायगढ़ से मिलकर एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा था जिस पर जिला प्रशासन ने समाचार पत्रों में जो प्रकाशन कराया उसमें लिखा गया कि जिले में आम लोग सहरा में अंशदान न करें। जबकि अंशदान संबंधी बात ज्ञापन में कहीं भी नहीं लिखा था यह अंशदान वाली बात जिला प्रशासन ने अपनी ओर से दे दिया जिसका सीधा मतलब है कि सहारा से जिला प्रशासन मैनेज है और यह इस बात का सीधा मतलब यह कि जिला प्रशासन के खाने के दांत अलग और दिखाने के दांत अलग है। वह केवल यह दिखा रही है कि डिपॅजिटर्स के लिए कुछ तो किया जा रहा है जबकि जमीनी सच्चाई यह कि जिला प्रशासन कुछ नहीं कर रही है। जोगी कांग्रेस ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के निपेक्षकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005(क्रमांक 24 सन2015) लागू है जिसके तहत् जिलाधीश ही प्रमुख है और उसे उस अधिनियम के तहत् धारा 6 और 7 में पूरी शक्ति प्राप्त है कि वह सहारा इंडिया जहां कहीं भी उसकी संपत्ति है उसे सीज कर कुर्क करवा कर छत्तीसगढ़ के डिपॉजिटर्स का रुपया दिला सकता है। मगर इस दिशा में जिला प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रही है न ही जिला प्रशासन आगे आकर डिपॉजिटर्स को सूचित ही कर रही है कि उसके द्वारा सहारा के विरुद्ध उस एक्ट द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही। इसलिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस पर यह मजबूत ऊंगली उठा रही है कि उनके द्वारा सहारा इंडिया और उनके अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। 19 मई 2022 को जिला प्रशासन ने सहारा इंडिया को 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया था कि वह 93 निवेशकों का 1,24,30802 रुपए जिला कार्यालय में जमा करें। जिसकी डेड लाईन भी खत्म हो चुकी है लेकिन जिला प्रशासन ने इस संबंध में कोई ठोस कार्यवाही नहीं किया है। जोगी कांग्रेस ने विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि 15 दिनों में जिला प्रशासन सहारा इंडिया के विरुद्ध कार्यवाही नहीं करती है तो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पूरे जिले में डिपॉजिटर्स के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी।

# वन मंडल धरमजयगढ़ में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस







जोहार छत्तीसगढ़. धरमजयगढ़।

### वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वन मण्डल धरमजयगढ़ द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

प्रात: 8 बजे वन मण्डल कार्यालय के सामने सभी जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। जहां वन मंडल कार्यालय के सामने बने हाथी सहायता केंद्र का मुख्य अतिथि विधायक लालजीत सिंह राठिया द्वारा उद्धघाटन किया गया।

### सद्भावना साइकिल रैली निकालकर दिए पर्यावरण सुरक्षा सन्देश

पर्यावरण सद्भावना साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें विधायक लालजीत सिंह, मनदीप सिंह कोमल, वन मण्डलाधिकारी धरमजयगढ़ अभिषेक जुगावत सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने साइकिल चलाते हुए धरमजयगढ़ से अंबेटिकरा पहुंचे।

### विधायक ने पीपल एवं डीएफओ ने लगाए आम पौधा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक लॉजित सिंह राठिया द्वारा लोक वन वाटिका में पीपल का पौधा लगाकर पानी सिंचाई किया गया। वन मंडलाधिकारी ने आम का पौधा लगाया। वहीं उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अनेक पौधे लगाकर पानी सिंचाई किए।

### मंदिर परिसर में संबोधन कार्यक्रम

मंदिर प्रांगण में संबोधन कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जहां पहुंचने पर मुख्य अतिथि सहित सभी ने अंबेटिकरा मन्दिर में पूजा अर्चना की। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का वन विभाग द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में वन मण्डलाधिकारी ने सभी का स्वागत करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में बताया कि वर्ष 1972 में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण प्रदूषण की समस्या की चिंता करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की नींव रखी गई। जिसकी शुरुआत 5 जून को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि जीवन के लिए पर्यावरण को बचाए रखना जरूरी है। शुद्ध वातावरण के लिए पेड़ पौधों का होना जरूरी है। जिसके लिए पौधा लगाने के साथ-साथ वनों को भी बचाने की जरूरत है। वनांचल क्षेत्रों में वन आय का बहुत बड़ा साधन है। विधायक ने लोंगो से अपील करते हुए कहा कि जंगलों को आग न लगाएं। आग लगने से छोटे-छोटे पौधे नष्ट हो जाते हैंए वहीं जंगली जीव जंतु भी मर जाते हैं। वनों को बचाने के लिए आज के दिन हम सबको संकल्प लेने की जरूरत है। कार्यक्रम अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। वन विभाग द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट की गई। वहीं अंत में उपस्थित सभी को स्वल्पाहार कराया गया। वहीं वन मण्डलाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तरुण श्याम साहू, डीएफओ अभिषेक जुगावत, मनदीप सिंह कोमल, टीकाराम पटेल, संजय अग्रवाल, महेश जेठवानी, श्याम साहू, रामदयाल राठिया, बीडीसी सन्तराम खूंटे, थाना प्रभारी विजय पैंकरा, यूसुफ छाया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रायपुर में कश्मीरी पंडितों पर घिरीं केंद्रीय मंत्री

**स्मृति ईरानी का गाड़ी रोकी, कबीर शोध पीठ अध्यक्ष बोले-माहौल बिगाड़ने में केंद्र सरकार जिम्मेदार**



**रायपुर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी रायपुर पहुंची। इस दौरान उन्हें विरोध का सामना भी करना पड़ा। दरअसल सामाजिक कार्यकर्ता और कबीर शोध पीठ के अध्यक्ष कुणाल शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री के सामने कश्मीर के मुद्दे पर हंगामा कर दिया। शनिवार शाम को नई दिल्ली लौटने के लिए स्मृति ईरानी एयरपोर्ट पर पहुंची थीं। इस दौरान स्मृति ईरानी की गाड़ी के सामने कुणाल शुक्ला आ गए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए कश्मीरी पंडितों को न्याय देने की मांग की। कुणाल के हाथ में पोस्टर था और वह नारे लगाने लगे कश्मीरी हिंदुओं पर राजनीति नहीं चलेगी.. कश्मीरी पंडितों को न्याय दो।

### पुलिस ने पोस्टर छीनकर फाड़ा

कुणाल इससे पहले कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के करीब जाते पुलिस वालों ने उन्हें घेर लिया। सुरक्षा के लिहाज से धक्का देकर उन्हें पीछे ले गए। यह देखकर स्मृति ईरानी ने कहा आराम से... कुछ सेकंड के लिए स्मृति ईरानी ने कुणाल का हंगामा देखा फिर बिना कोई प्रतिक्रिया दिए वह लौट गईं। इस बीच पुलिस वालों ने कुणाल का पोस्टर फाड़ दिया। कुछ देर बाद कुणाल भी एयरपोर्ट से लौट गए। कुणाल शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार कश्मीर मामले में कोई ठोस रणनीति नहीं बना रही है। जिसकी वजह से वहां हिंदुओं को निशाना बनाकर उनकी हत्याएं की जा रही हैं। कश्मीर का माहौल बिगाड़ने के पीछे केंद्र सरकार ही जिम्मेदार है। कश्मीर में टारगेट किलिंग अक्टूबर में शुरू हुई। यहां पांच दिनों में सात नागरिक मारे गए। इनमें एक कश्मीरी पंडित, एक सिख और प्रवासी हिंदू शामिल है, जो नौकरी की तलाश में आए थे। 14 अप्रैल को आतंकियों ने सतीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इससे पहले शनिवार को आतंकियों ने अली जान रोड स्थित ऐवा ब्रिज पर पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# विश्व पर्यावरण दिवस के दिन आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लैलूंगा विधायक के घर जाकर ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा ।



विश्व पर्यावरण दिवस के सुअवसर पर आदमी पार्टी के विधान सभा क्षेत्र लैलूंगा के ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र नंदग्वाल विधानसभा उपाध्यक्ष शाहिद खान, संगठन मंत्री गंगाधर सिदार, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश मरावी, कार्यकर्ता

संजय चक्रवर्ती द्वारा लैलूंगा विधायक चकरधर सिंह सिदार के निवास में विधायक के अनुपस्थिती में विधायक के नाम उनकी धर्म पत्नी को ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें यह उल्लेख है की विश्व ग्लोबल वार्मिंग की संकट से उबरने के लिए हमारा भारत देश सहित समूचे विश्व वृक्षों और वनों के संरक्षण को लेकर चिंतित है। वहीं हम सब हमेशा वृक्षारोपण एवं संरक्षण हेतु तत्पर और चिंतित रहते हैं ऐसे में सूरजपुर - सरगुजा जिलान्तर्गत परसा कोल ब्लॉक आवंटन के नाम का जिक्र करते हुए कहा गया है की लाखों बड़े वृक्षों को काटा जाना कहाँ तक न्यायोचित है !विधायक से दस बिन्दुओं में विनम्रतापूर्वक सवाल की जवाब की अपेक्षित है । लाखों बड़े वृक्षों की कटाई एवं दुष्प्रभाव से सहदेव अरण्य जंगल को काटे बिना दूसरे विकल्प पर विचार किया जाना कोयला खदानों के लिए जंगल काटने से गंभीर जल संकट सहदेव के जंगल कटने से अहीरिन नदी में पानी कम तथा खत्म हो जायेगा । जिससें बिलासपुर के अमृत मिशन योजना असफल हो सकता है । बांगो डेम में सिल्ट जल्दी भरने से जांजगीर चांपा क्षेत्र में सिंचाई समस्या आ जाएगी खदानों के लिए फर्जी ग्राम सभा के आरोपों की जाँच होनी चाहिए । पर्यावरण और वन्यजीव जन्तुओं, पशु पक्षियों के लिए सहदेव जंगल सुरक्षित रखा जाना चाहिए । कर्क रेखा जिसमें गुजरती है छत्तीसगढ के मध्य क्षेत्र में वर्षा के लिए अति आवश्यक है, सहदेव के जंगल का संरक्षण अत्यंत जरूरी है ।

# सोलर पावर प्लांट की स्थापना से गांव होगा रोशन-मंत्री अकबर



**कवर्धा** । प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम प्रवास के दौरान विकासखंड कवर्धा में रूर्बन कलस्ट बिरकोना अंतर्गत ग्राम घुघरीला और ग्राम खुंटू में 30 लाख रूपए की लागत से 3-3 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट (मय पोल) के माध्यम से स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। मंत्री श्री अकबर ने 3 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट (मय पोल) की भूमिपूजन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि सोलर पावर प्लांट की स्थापित होने से गांव रोशन होगा। सोलर पावर प्लांट से बिजली बिल से छुटकारा मिलेगा। वहीं अक्षय ऊर्जा के विस्तार के क्षेत्र में अच्छी पहल है। इसके माध्यम से सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा एकत्रित किया जा सकेगा। जिसका उपयोग लाईट के प्रकाश के लिए किया जाएगा। सोलर पावर प्लांट की स्थापना से अंधेरे से उजाला का नारा सार्थक सिद्ध होगा जिसका लाभ यहां के ग्रामीणों को मिलेगा। सोलर पावर प्लांट के माध्यम से 24 स्ट्रीट लाईट जलाया जाएगा। जिससे रात्रि में बिजली मिलेगा और हर गली रौशन होगा। मंत्री श्री अकबर ने विभाग को समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने निर्देश दिए।

## एक नजर

### पर्यावरण दिवस पर विधायक चक्रधर सिंह ने किया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



लैलूंगा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के तौर पर लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान विधायक चक्रधर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किए जाने की बात कही तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष किरण पैकरा उपाध्यक्ष लखन सारथी ग्राम पंचायत के सरपंच बरत राम सहित वन विभाग की टीम व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हाईवा की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



पुलिस थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झगरपुर में पैदल घूमने निकले सुंदर साय नामक व्यक्ति को तेज व अनियंत्रित हाईवा चालक ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर ही सुंदर साय की मौत हो गई वहीं मामले में हाइवा ट्रक क्रमांक सीजी 13 ए क्यू 2246 के वाहन चालक के खिलाफ लैलूंगा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### फरसाबहार में एसडीएम व वन विभाग की टीम ने पौध रोपण कर किया जनजागरूकता कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखण्ड फरसाबहार के एसडीएम मोहम्मद शबाब खान एवं वन विभाग की टीम द्वारा आवर्ती चराई क्षेत्र एवं विद्यालय परिसर में पौध रोपण कर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईओ फरसाबहार धनेश कुमार टेंगवार, राजीव युवा क्लब के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उन्हें बचाने का निश्चय किया। इसी प्रकार वन विभाग की टीम द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय सन्ना में विद्यालय के स्टॉफ तथा छात्राओं के साथ पौध रोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### ट्रैफिक सिग्नल से शहर के अन्य मार्गों में यातायात का दबाव

**महासमुंद** । ट्रैफिक्र सिग्नल लगने के बाद से शहर के अन्य मार्गों में यातायात का दबाव बढ़ गया है। शहर के उन मार्गों में लोगों की आवाजाही शुरु हो गई है जिसमें लोग कभी कभार या जरुरत पडने् पर जिसका उपयोग करते थे।

लोग ऐसा सिग्नल में खड़े होने की वजह से होने वाली परेशानी से बचने के लिए ऐसा कर रहे हैं। इससे मुख्य मार्ग में या तो यातायात का दबाव पर असर पड़ा है लेकिन अन्य मार्गों में इसका विपरीत असर पड़ रहा है जिससे उक्त मार्गों में हादसे की संभावना बढ़ गई है। अन्य मार्गों का उपयोग ज्यादातर साइकिल और बाइक चालक कर रहे हैं। क्योंकि मुख्य मार्ग में बड़े वाहनों की आवाजाही बढ़ गई जिसके सिग्नल में रुकने से जाम की स्थिति निर्मित होती है और उन्हें निकलने में परेशानी झेलनी पड़ती है। ज्ञात हो कि शहर में यातायात का दबाव कम करने के साथ ही वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने अंबेडकर, नेहरु और बरोंडा चौक में ट्रैफिक्र सिग्नल और पालिका और कचहरी चौक के पास ब्लिंकर लगाया गया है।

# पेट्रोल पंप व्यवसायी ने मां की हत्या कर दी जान

**छोटे भाई-बहन पर भी किया हमला, दोनों की हालत गंभीर; पुलिस ने घर सील किया**



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शनिवार देर रात पारिवारिक विवाद के चलते पेट्रोल पंप व्यवसायी ने गुस्से में अपनी मां और छोटे दो भाई-बहन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मां की मौत हो गई। जबकि दोनों छोटे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद व्यवसायी ने खुद भी जहर खाकर जान दे दी। घायलों को मेकाज में भर्ती किया गया है। यह पूर्व विधायक मन्नूराम का परिवार बताया जा रहा है। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, तोकापाल ब्लॉक के आरापुर के रहने वाले सुरेंद्र कच्छ पेट्रोल पंप व्यवसायी थे। उनका शनिवार रात अपनी मां राधिका कच्छ और छोटे भाई-बहन कृष्णा और सरिता कच्छ के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि सुरेंद्र ने खुखरी से अपनी मां के ऊपर हमला किया। जिससे मां की मौके पर ही मौत हो गई। मां को मारने के बाद दोनों छोटे भाई-बहन पर भी धारदार हथियार से वार कर अधमरा कर दिया। दोनों बेहोश हो गए थे।

वारदात को अंजाम देने के बाद सुरेंद्र ने जहर खा कर सुसाइड कर लिया। जब घायलों को होश आया तो रात में ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे जवानों ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। वहां बहन की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। स्छह्लक्क ऐश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि, सरिता बोलने की स्थित में है। घर को सील कर दिया गया है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है, जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि व्यापारिक घाटे के चलते सुरेंद्र परेशान रहते थे। हालांकि अभी वारदात का कारण स्पष्ट नहीं है। सुरेंद्र के पिता सेल्स टैक्स ऑफिसर थे। करीब तीन साल पहले उनकी मौत हो चुकी है। यह भी बताया जा रहा है कि केशलूर के पूर्व विधायक मन्नूराम कच्छ के बड़े भाई सुखराम कच्छ का परिवार है।

# जिले के विविध स्थानों में पौधरोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुर।






विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के विविध स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आम जनों को दिया गया। इसी कड़ी में आज कुनकुरी जनपद के मयाली में संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज एवं वन विभाग की टीम द्वारा लगभग 2000 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किये गए। इसी प्रकार जशपुरनगर के बांकी नदी तट पर उप वनमण्डलाधिकारी करण सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा तट पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग की टीम सहित अन्य अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। वृक्षारोपण करते हुए संसदीय सचिव मिंज ने कहा कि पर्यावरण एवं मनुष्य का अटूट संबंध है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोगों को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण में पेड़ों का अत्याधिक महत्व है। सभी को अपने घर के आस-पास, गांव-शहर के बाहर अनुपयोगी जमीन पर, जंगल के बाहर खाली पड़ी जमीन पर, नदी के किनारे, किसानों के खेतों की मेड़ो पर व्यवस्थित रूप से फ लदार, इमारती, गैर इमारती एवं आयुर्वेद महत्व के पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण के बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण सरंक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उसकी रक्षा करने का आग्रह किया। साथ ही जिले के किलकिला, दुलदुला, बगीचा सहित सभी वन परिक्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in